# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026


## विश्वकप जीत के हीरो रहे 'सैमसन'
## केरल सरकार करेगी सम्मानित



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के हीरो बने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को उनके शानदार प्रदर्शन के बाद अपने गृह राज्य केरल में भव्य सम्मान मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने सैमसन का विशेष सम्मान करने का फैसला किया है। इस बीच सैमसन ने अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपनी पत्नी को खास तौर पर धन्यवाद कहा है।







Inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## मास्टर आईडी से क्रिकेट सट्टा, आधा दर्जन गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर ।** वर्ल्ड कप टी-20 क्रिकेट मैच के फाइनल में ऑनलाइन बैटिंग एप से मास्टर आईडी हासिल कर क्रिकेट सट्टा संचालित करने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए लेन-देन करने का डिजिटल साक्ष्य जब्त किया है। पुलिस ने जिन सटोरियों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा अन्य लोगों को भी मास्टर आईडी देकर कमीशन में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित कराए जाने की जानकारी मिली है। तेलीबांधा तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : मुकेश की विधायकी खत्म, राम निवास नए विधायक घोषित

# विजयपुर में रामनिवास की 'विजय'




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बहुत बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने यहां से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर दिया है। हाईकोर्ट ने न सिर्फ मल्होत्रा का चुनाव निरस्त किया, बल्कि याचिकाकर्ता और उपचुनाव में दूसरे स्थान पर रहे भाजपा नेता रामनिवास रावत को विजयपुर का नया विधायक घोषित करने का आदेश दिया है। रावत ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि मुकेश मल्होत्रा ने 2024 के विधानसभा उपचुनाव के नामांकन में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरणों की पूरी जानकारी नहीं दी थी।

*मुकेश के वकील ने कहा कि जब तक हम अपील करते हैं, इस ऑर्डर पर 15 दिन के लिए रोक लगनी चाहिए। हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं*

**कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा पर नामांकन में आपराधिक जानकारी छिपाने का आरोप**



रामनिवास रावत



मुकेश मल्होत्रा

**» विजयपुर उप चुनाव में रावत को हराकर जीते थे मल्होत्रा**

**» भाजपा प्रत्याशी ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका**

### उपचुनाव में 7364 मतों से जीते थे मुकेश

*विजयपुर विधानसभा सीट से विधायक रामनिवास रावत ने कांग्रेस छोड़ने के बाद विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उपचुनाव में भाजपा ने रावत को प्रत्याशी बनाया था। कांग्रेस ने मुकेश मल्होत्रा पर दांव खेला था। चुनाव में रामनिवास को हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के मुकेश 7364 मतों से चुनाव जीत गए थे।*

### मल्होत्रा के वकील बोले- हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे

मुकेश मल्होत्रा के वकील ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार राम निवास रावत की फाइल की गई पिटीशन में दो मामलों में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया गया है। एक जिसमें निपटारा हो चुका था। दूसरा जिसमें आरोपों के बारे में जानकारी छिपाने की बात थी।

### गलत जानकारी देने के कारण भ्रमित हुए लोग: रावत

हाईकोर्ट के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में रामनिवास रावत ने कहा कि इलेक्शन रिफॉर्म्स के हिसाब से नामांकन में पूरी जानकारी देना कैंडिडेट की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने एफिडेविट में क्रिमिनल जानकारी छिपाई थी। इसलिए उनके खिलाफ एक याचिका फाइल की गई थी, जिस पर फैसला आया है।

### वर्ल्ड कप की जीत के जश्न के दौरान विवाद

## पटाखे फोड़ रहे लोगों पर एक वर्ग ने किया हमला, 10 घायल



उज्जैन में विवाद का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

भारत के वर्ल्ड कप जीतने के बाद पूरे देश में जश्न का महौल था। उज्जैन में भी एक परिवार जीत का जश्न मना रहा था। घर के बाहर भारत की जीत की खुशी में पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान पास में रह रहे एक वर्ग के लोगों के साथ विवाद हो गया है। विवाद में दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे चले। इस घटना में 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, दोनों पक्षों के लोगों ने एफआईआर दर्ज करवाई है। घटना देर रात राज रॉयल कॉलोनी की है। मामले में थाना चिमनगंज मंडी पुलिस ने हिंदू पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ और मुस्लिम पक्ष के 5 लोगों पर केस दर्ज किया है।

**» दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे**

### देवास में बम फेंकने से सीएसपी सहित 3 पुलिसकर्मी घायल

***देवास।*** *इधर, देवास में जश्न के दौरान बवाल और झड़प की घटनाएं सामने आईं। देवास में सयाजी द्वार पर जश्न के दौरान कुछ युवकों द्वारा जलते पटाखे और बम भीड़ तथा पुलिस की ओर फेंकने से अफरा-तफरी मच गई, जिसमें सीएसपी सुमित अग्रवाल सहित सुरक्षाबल के जवान घायल हो गए।*



देवास में रात को तनाव

# सरकार ने 6,309 करोड़ रुपए के बांड वापस खरीदे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है।


सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं।

इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है।

### सरकार लंबी अवधि के बांड जारी करती है

इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है। इससे अगले वित्त वर्ष में होने वाले पुनर्भुगतान दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं।

## इंदौर में पानी के टैंकर से हादसा
# 8 साल के मासूम के सिर पर चढ़ा टैंकर, मौत



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

लसूड़िया इलाके में हुए एक हादसे में 8 साल के बच्चे की जान चली गई। घर के बाहर खड़े बच्चे को एक निजी टैंकर ने कुचल दिया। टैंकर का पहिया बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने टैंकर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस भी टैंकर और चालक को पकड़ नहीं पाई है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे निरंजनपुर बस्ती में हुआ। 8 साल का कार्तिक पिता बनवारी भांड घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान ये हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एफआरवी मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया।

## शादी करने का झांसा देकर युवती से रेप, ठगे 9 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शादी करने का झांसा देकर एक युवक ने कोरबा की एक युवती से शहर की होटल में अनाचार किया, फिर नौकरी लगाने का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी भी कर ली। पुलिस ने युवक के खिलाफ अनाचार और धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया गया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि कोरबा की रहने वाली एक युवती की शादी डाट काम वेबसाइट से जांजगीर चांपा निवासी पवन यादव से जान पहचान हुई।

## दिग्विजय ने आयोग को सौंपे दस्तावेज




### नरेला में 6-7 सदस्यों वाले घर में 30 वोटर

**भोपाल।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) पूरी होने के बाद मतदाता सूची को लेकर विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शुक्रवार को मध्यप्रदेश निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और भोपाल की नरेला विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के दस्तावेज चुनाव आयोग को सौंपे।

## अयोध्या राममंदिर में क्यूआर कोड से मिल सकेगी एंट्री

**अयोध्या।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में 19 मार्च को होने वाले समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम में आने वाले विशिष्ट अतिथियों को क्यूआर कोड से लैस विशेष आमंत्रण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेहमानों को प्रवेश से पहले क्यूआर कोड स्कैन कराना अनिवार्य होगा।

मंदिर प्रशासन के अनुसार आमंत्रण पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद ही अतिथियों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और आमंत्रित अतिथियों की पहचान भी आसानी से हो सकेगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को सुबह 10 बजे तक मंदिर परिसर में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले मेहमानों को सुरक्षा कारणों से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस विशेष समारोह में देश भर से संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा, पार्किंग, प्रवेश व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत की तैयारियां तेजी से चल रही हैं, ताकि समारोह सुचारु ढंग से संपन्न कराया जा सके।




■ राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

### हरदा में भूसा मशीन से निकली थी चिंगारी
# 70 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**» आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लोगों ने आग पर पाया काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

छीपाबड़ में हाईवे से लगे हुए खेतों में दोपहर को गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। बताया गया कि भूसा मशीन से निकली हुई चिंगारी से भभकी आग तेजी से आसपास के खेतों में फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान भवानी राजपूत कैलाश सोनेर, मोहन सोनेर, मुंशी देवड़ा के खेतों में करीब 70 एकड़ जमीन में गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुचे। हालांकि करीब आधा घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक किसानों ने देशी जुगाड़ करके आग पर कुछ हद तक नियंत्रण पा लिया था। इसी दौरान क्षेत्रीय विधायक आरके दोगने, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन साई भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों के साथ नुकसानी क्षेत्र का निरीक्षण किया। दोनों नेताओं ने जल्द प्रशासन से प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग की।



फसल में लगी आग

### आज बैठक बुलाई

फसल में आगजनी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे थे आग बुझाने का काम किया गया। मंगलवार को हार्वेस्टर मालिकों एवं भूसा मशीन चालकों की बैठक बुलाई गई है जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

**शिवांगी बघेल**
एसडीएम खिरकिया




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




08 भारत में ऊर्जा संकट बढ़ा रहा युद्ध?

मैट्रो
14 याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट जज के ...


शावकों के साथ ज्वाला

**फिर आई खुशखबर : सीएम ने एक्स पर दी जानकारी, शेयर किया फोटो**

# कूनो नेशनल पार्क में चीतों का 'अर्ध शतक' पूरा
# मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को दिया जन्म

- कूनो नेशनल पार्क में कुल चीतों की संख्या 50
- भारत में कुल 53 चीते हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से सोमवार को एक बार फिर तब सुकून देने वाली खुशखबरी आई जब मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म देने की सूचना मिली। इसके साथ ही अब कूनो नेशनल पार्क में चीतों का अर्ध शतक भी पूरा हो गया है। क्योंकि कूनो नेशनल पार्क में जहां कुल चीतों की संख्या 50 हो गई है,वहीं भारत में कुल 53 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर खुद यह जानकारी साझा की है।

### 12 शावकों को जन्म देने वाली इकलौती मादा चीता


ज्वाला (पूर्व नाम सियाया) इससे पहले कूनो में ही दो बार मां बन चुकी है। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने मार्च 2023 में पहली बार 4 शावकों को जन्म दिया था। इन शावकों में से केवल एक, जिसका नाम मुखी रखा गया, वह जीवित बचा था। और जनवरी 2024 में तीन शावकों को जन्म दिया था, वह तीनों शावक स्वतंत्रता पूर्वक कूनो में शिकार कर रहे हैं। अब 9 मार्च 2026 को ज्वाला ने इतिहास रचते हुए 5 और नए शावकों को जन्म दिया है। वह कूनो में तीसरी बार ओर सबसे अधिक 12 शावकों को जन्म देने वाली इकलौती मादा चीता है।

### अब तक 6 मादा चीता बनी मां

कूनो नेशनल पार्क में अब तक 6 मादा चीता ने मां बनकर शावकों को जन्म देने की खुश खबरी दी है। अब तक कूनो नेशनल पार्क में जो मादा चीता मां बनी है,उनमें मादा चीता ज्वाला, आशा, गामिनी, वीरा, निर्वा, मुखी शामिल हैं। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने तीन बार मां बनकर अब तक 9 शावकों को जन्म दिया है। इनमें एक शावक तो 35 महीने तथा 3 शावक 25 महीने के हो गए हैं। नामीबिया से लाई गई आशा ने दो बार मां बनकर अब तक 8 शावकों को जन्म दिया है,जिनमें 3 शावक 26 महीने और 5 शावक एक महीने के हो गए है। अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी ने दो बार में 8 शावको को जन्म दिया है जिनमें 3 शावक 24 महीने और 5 शावक एक महीने के हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### मप्र हाईकोर्ट में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंचा शख्स




**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकलपीठ में सोमवार को अफरातफरी की स्थिति बन गई। याचिकाकर्ता पॉलिथिन में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंच गया। मौजूद सुरक्षा कर्मियों को पॉलिथिन को कब्जे में ले लिया। कोर्ट रूम में दयाशंकर पांडे जोर-जोर से कह रहा था कि वह रीवा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुका है। वह गर्भवती पत्नी के साथ जा रहा था, तभी दुर्घटना के कारण पत्नी का गर्भपात हो गया। *(विस्तृत पेज 14 मैट्रो पेज पर)*

### एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग का नियम बदला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जंग के मद्देनजर घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सिलेंडर बुकिंग का समय 21 से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दरअसल, कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जो लोग पहले 55 दिनों में एलपीजी सिलेंडर बुक करते थे, उन्होंने अब 15 दिनों में एलपीजी सिलेंडर बुक करना शुरू कर दिया है।

### तीन दिन में 31,700 रुपए सस्ती हुई चांदी



**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों में जारी तनाव के बीच सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, सोने के भाव में मामूली बढ़त देखी गई। चांदी की कीमत 3400 रुपए की गिरावट के साथ 2,68,300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई।

**पश्चिम एशिया में जंग के बीच ईरान में नए युग की शुरुआत**

# ईरान के सर्वोच्च नेता बने खामेनेई के बेटे मोजतबा

**घोषणा के बाद सेना से लेकर राजनेताओं ने ली वफादारी की शपथ**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/मॉस्को

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को 10 दिन हो गए हैं। इस संकट के बीच ईरान में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर बनाया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने खामेनेई के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है। उन्होंने ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया है।

पुतिन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मोजतबा खामेनेई अपने पिता की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत होंगे। पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा है। इस बीच, इजराइल सेना ने एक बड़ा दावा किया है। इजराइल सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मोजतबा खामेनेई हाल ही में हुए एक हवाई हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे


**रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी बधाई बोले- मोजतबा अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते रहेंगे**


मोजतबा खामेनेई


व्लादिमीर पुतिन

**बोले पुतिन**
- ईरान को रूस के अटूट समर्थन का आश्वासन भी दिया
- इस मुश्किल समय में रूस तेहरान के साथ मजबूती से खड़ा

### ट्रंप बोले- खामेनेई का बेटा मेरे लिए स्वीकार्य नहीं


डोनाल्ड ट्रंप

मोजतबा के चयन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली प्रतिक्रिया में दी। उन्होंने कहा कि वे इस से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने मोजतबा खामेनेई को अपना नया सर्वोच्च नेता चुना है। मैं खुश नहीं हूं। ट्रंप ने पहले भी कहा था, खामेनेई का बेटा मेरे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम चाहते हैं कि ईरान में ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो शांति और सौहार्द लाए। ट्रंप ने कहा कि मेरी मंजूरी के बिना कोई नया नेता ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।

**ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा**

### 115 डॉलर के पार निकला

मेरिका-इजराइल और ईरान जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25% बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था। क्रूड ऑयल बढ़ने की सबसे बड़ी वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है।

### भारत में सेंसेक्स 1350 अंक धड़ाम

जंग के चलते भारतीय शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 फीसदी लुढ़ककर 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2,494.35 अंक यानी 3.16 फीसदी का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था।

**पश्चिम एशिया के हालात पर बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर**

# कई कमर्शियल फ्लाइट संचालित कीं, 67 हजार भारतीयों को 'वापस' लाए


संसद में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में मिडिल ईस्ट के गहराते संकट पर बयान दिया। इस दौरान विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया के बिगड़ते और चिंताजनक हालात को देखते हुए सबसे संयम की बरतने की अपील की है। हमारी सरकार ने 20 फरवरी को एक बयान जारी कर गहरी चिंता जताई थी और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी. हमारा मानना है कि तनाव कम करने के लिए

**विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीयों को दी एडवाइजरी**

बातचीत और डिप्लोमेसी को आगे बढ़ाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 28 फरवरी को ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच जंग शुरू हुई। इस युद्ध में कई लोग मारे गए हैं। इसके कारण आधारभूत ढांचे को भी नुकसान पहुंचा। सरकार ने इस बारे में अपनी चिंता जताई थी। हमने आम नागरिकों की सेफ्टी को लेकर चिंता जताई थी।

**बिहार, ओडिशा और हरियाणा की करेंगे निगरानी**

## भाजपा ने की राज्यसभा चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ नीतीश कुमार और नितिन नबीन मैदान में

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को बिहार, हरियाणा और ओडिशा में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये वे राज्य हैं जहां उम्मीदवारों की संख्या सीटों की संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को बिहार के चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी को हरियाणा के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ओडिशा में चुनावों की निगरानी करेंगे।

**एसडीआरएफ का रेस्क्यू जारी**

## नहर में डूबे दो नाबालिग 24 घंटे बाद भी सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना


■ गांव में शोक और चिंता का माहौल

रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम चोरमारी में स्थित पुरवा नहर में नहाते समय दो नाबालिग बच्चों के डूबने का मामला सामने आया है। घटना को 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। चोरमारी निवासी संजीव मिश्रा का बेटा आर्यन मिश्रा (15) और सूर्यवली विश्वकर्मा का बेटा आयुष विश्वकर्मा (13) रविवार दोपहर करीब 2 बजे गांव के पास नहर किनारे मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। खेल खत्म होने के बाद दोनों नहाने के लिए पुरवा नहर में उतर गए।

**ईंट मारकर कर दी मां की हत्या**

## आरोपी बोला- मां, अपाहिज पिता को खाना नहीं देती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा


■ आरोपी ने खुद ही डायल-112 पर फोन कर सूचना दी

हरसूद थाना क्षेत्र के ग्राम चैनपुर सरकार में एक बेटे ने अपनी ही मां की ईंट से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने खुद ही डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 8 मार्च को सूचना मिली कि चौकी आशापुर क्षेत्र के ग्राम चैनपुर सरकार में राहुल बंजारा ने अपनी मां अनिताबाई उर्फ सुलीबाई के सिर में ईंट मार दी है। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल हरसूद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ हुई बैठक के बाद माना जूडा**

# आठ घंटे परेशान हुए मरीज, 16 तक टल गई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

**हमीदिया अस्पताल में हजार से ज्यादा मरीजों को नहीं मिला इलाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण मरीजों को सिर्फ इमरजेंसी में ही इलाज मिला। लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर भोपाल समेत प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज के आठ हजार से ज्यादा जूनियर डॉक्टरों ने सोमवार से हड़ताल कर रूटीन ओपीडी का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। आठ घंटे चली जूडा की हड़ताल के कारण कई मरीजों के ऑपरेशन टाल दिए गए। हालांकि, शाम को उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ हुई बैठक के बाद जेडीए ने 16 मार्च तकहड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया।

◆ लंबित स्टाइपेंड मुद्दे पर जूनियर डॉक्टरों ने शुरु की थी हड़ताल



डिप्टी सीएम शुक्ल जूनियर डॉक्टरों से चर्चा करते हुए

### 20 से ज्यादा मरीजों की सर्जरी टली

गांधी मेडिकल कॉलेज के हमीदिया अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण स्त्री रोग विभाग, पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लीनिक, एएनसी रूम में व्यवस्थाएं प्रभावित रहीं। क्योंकि सीनियर डॉक्टर के साथ जूनियर डॉक्टर यहां की

### अप्रैल 2025 से मिलना था नया स्टाइपेंड, अब तक पेंडिंग

डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन शासन के आदेश के अनुसार एक अप्रैल 2025 से लागू होना था। यह अब तक लागू नहीं किया है। कई बार निवेदन के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है।

## बजट वेबिनार में पीएम का 'केयर इकोनॉमी' पर जोर

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प.. शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट के बाद आयोजित 'सबका साथ, सबका विकास- लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना' विषय पर वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यही इस बजट का मूल ध्येय और सरकार का संकल्प है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे मूलभूत सेक्टर हैं। इसी वजह से इस वेबिनार में इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

### नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और पूंजी

योग और आयुर्वेद दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा


बजट वेबिनार को संबोधित करते पीएम मोदी

**स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बना रहे**

पीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत आरोग्य मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाई गई है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर

पीएम मोदी ने 'केयर इकोनॉमी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। आने वाले दशक में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी, जबकि दुनिया के कई देशों में 'केयरगिवर्स' की भारी मांग है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में लाखों युवाओं के लिए कौशल धारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

### विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

पीएम ने वेबिनार में मौजूद हेल्थ सेक्टर के विशेषज्ञों से अपील करते हुए कहा कि वे नए ट्रेनिंग मॉडल और पार्टनरशिप विकसित करने के लिए सुझाव दें, ताकि देश का ट्रेनिंग इकोसिस्टम और मजबूत हो सके।

## टेली मेडिसिन के प्रति जागरूकता बढ़ाएं

पीएम ने कहा कि टेली मेडिसिन का से बड़ी संख्या में दूरदराज के लोग भी अब इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं और इस पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, इसमें अभी और ज्यादा जागरूकता तथा सहजता बढ़ाने की जरूरत है। पिछले एक दशक में देश की सोच में बड़ा बदलाव आया है। आज भारत का हर युवा कुछ नया करना चाहता है। नई पीढ़ी की सोच देश की सबसे बड़ी ताकत और उज्ज्वल भविष्य की पूंजी है।

### खेलों को राष्ट्रीय विकास से जोड़ा गया

पीएम ने कहा कि युवाशक्ति तभी राष्ट्रीय शक्ति बनती है, जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरपूर हो। पिछले कुछ वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की महत्वपूर्ण धारा के रूप में देखा गया है। खेलो इंडिया जैसी पहलों ने देश में स्पोर्ट्स ईकोसिस्टम को नई ऊर्जा दी है और देशभर में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है।


## खबर संक्षेप

### शरजील को 10 दिन की अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने शरजील इमाम को अपने भाई की शादी में शामिल होने और बीमार मां की देखभाल करने के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी है। एडिशनल सेशन जज समीर बाजपेई की अदालत ने उन्हें जमानत दी।

### बाड़मेर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**बाड़मेर।** बाड़मेर न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस अब ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है। धमकी भरे ई-मेल में दोपहर 1 बजे से पहले धमाका करने की बात कही गई थी।

### तिरुवनंतपुरम में सड़क हादसे में 3 की मौत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम के नेदुमंगड में दो दोपहिया वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान राजेश (21), बिनय (20) और श्रीलाल (28) के रूप में हुई है जो पास के उझामलक्कल के रहने वाले थे।

### राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए निर्वाचित



**कोलकता।** पश्चिम बंगाल से भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं। उन्होंने अपना जीत का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। सिन्हा ने कहा, वे जनता की सेवा और पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय

# विपक्ष का बहुमत जुटाना मुश्किल, 238 पर ही अटके, चाहिए 272, एनडीए के पास 293 सांसद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है। विपक्ष ने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ नोटिस दिया था, जिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। उस समय तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, लेकिन अब पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह विपक्ष के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कुछ निर्धारित नियम हैं। इसके तहत कम से कम दो सांसदों के हस्ताक्षर के साथ 14 दिन पहले नोटिस देना होता है और सदन में कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी होता है। इस मामले में कांग्रेस के सांसद मोहम्मद जावेद, कोडिकुनिल सुरेश और मल्लू रवि ने प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए जाने और विपक्ष की महिला सांसदों के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जाने का भी उल्लेख किया गया है।



> विपक्ष ने नोटिस में आरोप लगाया है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा 8 विपक्षी सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया था

### पहले दूरी बना चुकी टीएमसी देगी विपक्ष का साथ

मुद्दे के जरिए विपक्ष की सरकार को घेरने की कोशिश


लोकसभा की कार्यवाही

### विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या नहीं

लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए साधारण बहुमत यानी 272 मतों की आवश्यकता होती है। फिलहाल सदन में सत्तारूढ़ पक्ष के पास लगभग 293 सांसदों का समर्थन बताया जा रहा है, जिसमें भाजपा, जेडीयू, टीडीपी और एनडीए के अन्य दल शामिल हैं। दूसरी ओर विपक्ष के पास कांग्रेस सहित अन्य दलों को मिलाकर लगभग 238 सांसद हैं। ऐसे में अगर प्रस्ताव पर मतदान होता है तो इसके पारित होने की संभावना कम मानी जा रही है। हालांकि बहस के दौरान विपक्ष इस मुद्दे के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश जरूर कर सकता है।

### नोटिस स्वीकार हुआ तभी होगी चर्चा

ऐसे में अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसके बाद बहस के लिए समय तय किया जाएगा और सदन में चर्चा होगी। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष स्वयं अध्यक्षता नहीं करेंगे। सामान्य तौर पर ऐसी स्थिति में कार्यवाही का संचालन उपाध्यक्ष करते हैं, लेकिन फिलहाल उपाध्यक्ष का पद खाली है। ऐसे में सभापति पैनल में शामिल सबसे वरिष्ठ सदस्य सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे और माना जा रहा है कि यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिल सकती है।

#### कांग्रेस पर भड़के केंद्रीय मंत्री रिजिजू

### बोले- क्या एक आदमी पूरे देश का महाराजा है?



लोकसभा में कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों के हंगामे पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह कंफ्यूजन में है। उसके लोगों को यह नहीं पता है कि उन्हें क्या करना है। रिजिजू ने कहा कि मैंने कभी इतनी गैर-जिम्मेदार पार्टी नहीं देखी। आपका एक परिवार या एक आदमी क्या पूरे देश का महाराजा है? विपक्ष के लोग देश के संविधान और नियमों को ही नहीं मानते हैं।

#### राज्यसभा में नड्डा का विपक्ष पर तंज

### मोदी सरकार में वहीं बैठे रहोगे और घटते जाओगे



राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को देश के विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है और वे लगातार मंत्रियों के जवाब के दौरान सदन से वॉकआउट कर रहे हैं। विपक्ष का मकसद हंगामा और अव्यवस्था फैलाना है। नड्डा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में वहीं बैठे रहोगे और घटते चले जाओगे।

## नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दावा


संसद के बाहर प्रदर्शन करते राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

# अमेरिका से समझौता पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर केंद्र सरकार की चुप्पी और संसद में चर्चा न होने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हाल ही में हुए समझौते ने देश को कमजोर स्थिति में डाल दिया है। उन्होंने दावा किया कि यह डील पीएम की मजबूरी या ब्लैकमेल का नतीजा है, जिससे भारत के हितों पर समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से बच रही है क्योंकि बहस छिड़ने पर पीएम की कमजोर स्थिति और समझौते के पीछे की वजहें सामने आ जाएंगी।

### सरकार मुद्दों से भाग रही

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार जानबूझकर संवेदनशील विषयों से दूर भाग रही है। क्षेत्रीय संघर्ष से भारत की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होने वाला है। राहुल ने चेतावनी दी कि यह संकट एक बड़े पैराडाइम शिफ्ट की ओर इशारा कर रहा है, जिससे देश को आर्थिक रूप से गहरा झटका लगेगा। उन्होंने हालिया स्टॉक मार्केट में आई गिरावट का उदाहरण देते हुए कहा कि बाजार पहले ही इस प्रभाव को महसूस कर चुका है। राहुल ने सवाल उठाया कि क्या पश्चिम एशिया का मुद्दा इतना महत्वहीन है कि इस पर चर्चा नहीं हो सकती?


### भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ रहा प्रभाव

वहीं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को एशिया के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में तेजी से बदल रही भू-राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह हालात केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। साथ ही भारत की वैश्विक छवि और सामर्थ्य पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कच्चे तेल की लगभग 55 प्रतिशत जरूरतें पश्चिम एशिया से होने वाले आयात से पूरी करता है। यदि उस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है तो उसका सीधा असर हमारे देश की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है।

#### हरियाणा कांग्रेस महासचिव का दावा

## विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले हमने 'करोड़ों' रुपए दिए

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़




हरियाणा महिला कांग्रेस की महासचिव के पति गौरव कुमार ने दावा किया कि उन्होंने अपनी पत्नी के लिए विधानसभा चुनाव में टिकट के बदले कांग्रेस नेताओं को पैसे दिए थे। गौरव कुमार की पत्नी ने भी बताया कि उन्होंने 25 फरवरी 2026 को अपना इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। पत्नी ने खुद को दलित समुदाय से बताया। वह एक शहीद की बेटी हैं। उनका परिवार पिछले छप्पन साल से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा है। उन्होंने पार्टी को करोड़ों रुपए दिए हैं। उन्हें झूठी उम्मीदें दी गईं। पत्नी ने आरोप लगाया कि उच्च कमान उन्हें धोखा दे रहा है। वे उनसे पैसे ले रहे हैं लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गौरव कुमार का आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट दिलाने के लिए पैसे दिए थे। यह दावा कांग्रेस पार्टी के भीतर गंभीर सवाल खड़े करता है।

#### नांगलोई में बेकाबू हुई डीटीसी बस

## कइयों को कुचला, 2 की मौत गुस्साई भीड़ ने किया पथराव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नांगलोई इलाके में बेकाबू डीटीसी बस ने कुछ लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है।



आक्रोशित लोगों ने बस को रोक कर उसपर पथराव कर दिया। तोड़फोड़ करने के बाद भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। पथराव में छह बसों के शीशे टूट गए हैं। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को तितर-बितर कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह करीब 9.45 बजे नजफगढ़ की तरफ से आ रही डीटीसी क्लस्टर बस ने एक स्कूटी, एक बाइक, एक रिक्शा और कुछ पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जिनके शव एसजीएम अस्पताल और महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग में रखे गए हैं।

### नए रूप में दिखेगा 173 साल पुराना हावड़ा स्टेशन



**हावड़ा।** रेल मंत्रालय ने अगले पांच सालों में 173 साल पुराने हावड़ा स्टेशन को अपग्रेड करने का प्लान बनाया है। इससे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही की संख्या भी बढ़ेगी। हावड़ा देश का सबसे पुराना और सबसे बड़े रेलवे स्टेशनों में से एक है। हावड़ा स्टेशन का निर्माण 1854 में हुआ था। ईस्टर्न रेलवे के कैपेसिटी बढ़ाने के काम के तहत, हावड़ा रेलवे स्टेशन को दो नए प्लेटफॉर्म मिलने वाले हैं। 635 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म नंबर 24 पर 24 कोच वाली लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें

#### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर बोले जस्टिस दत्ता

## इसमें पारदर्शिता की कमी, जजों को भी नहीं पता कि यह बैठता कहां है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कॉलेजियम सिस्टम की कार्य प्रणाली पर यह कहते हुए सवाल उठाए हैं कि इसमें पारदर्शिता की कमी है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अक्सर जजों को भी बहुत कम स्पष्टता होती है कि कॉलेजियम काम कैसे करता है और इसकी बैठकें कहां होती हैं। उन्होंने कहा कि आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि न सिर्फ हम जानते हैं कि क्या हो रहा है, हम ये तक नहीं जानते कि कॉलेजियम बैठता कहां है। उन्होंने कहा कि न्यायिक नियुक्तियां जेंडर की संख्या के बजाए मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए।


जस्टिस दीपांकर दत्ता

### आधी रात में याचिका लिखी थी क्या

सुप्रीम कोर्ट ने पांच याचिकाओं को 'असंगत और बेवजह' बताते हुए पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन खारिज कर दिए। इनमें से एक याचिका में मांग की गई थी कि यह जांच की जाए कि प्याज और लहसुन में 'तामसिक' यानी नकारात्मक ऊर्जा होती है या नहीं। सीजेआई ने वकील सचिन गुप्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या आप आधी रात को ये सारी याचिकाएं तैयार करते हो?

### महिला वकीलों को जज बनाएं

देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने हाईकोर्ट्स के कॉलेजियम को योग्य महिला वकीलों को जजों के तौर पर नियुक्त किए जाने को लेकर गंभीरता से विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम को यह भरोसा होना चाहिए कि न्याय व्यवस्था उनकी वास्विकताओं को समझती है और उनके साथ निष्पक्षता से पेश आएगी।

#### चुनाव आयोग ने बंगाल में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

# भाजपा की मांग: तीन से ज्यादा चरण में न हो मतदान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग के पदाधिकारियों ने राज्य के राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। पार्टी की ओर से जगन्नाथ सरकार, शिशिर बाजोरिया और तापस रॉय शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती, भयमुक्त माहौल में मतदान और रिगिंग रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की।

### सुरक्षा बलों की प्रभावी तैनाती की मांग की



बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व अन्य अधिकारी

### कालीघाट मंदिर में विरोध

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध भी जताया।

### आयोग ने मेरा अपमान किया: मंत्री चंद्रिमा



तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि एसआईआर को लेकर सवाल पूछने पर आयोग बार-बार यह कहकर जवाब दे रहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें ऊंची आवाज में बोलने से रोका, जिससे वे असंतुष्ट हैं।

#### ममता का आरोप

### भाजपा ने धरनास्थल पर पर्चे बांटे, दो गिरफ्तार



सीएम ममता बेनर्जी ने धरनास्थल पर भाजपा और उसकी एजेंसियों द्वारा पर्चे बांटे जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों को पकड़ें और पुलिस के हवाले कर दें। उनके निर्देश के उपरांत पुलिस ने ऐसे दो लोगों को हिरासत में लिया है जो कोलकाता में पीएम नरेंद्र मोदी की 14 मार्च की रैली के प्रचार के मद्देनजर पर्चे बांट रहे थे।

## जबलपुर को 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री ने शहर को दिए आधुनिक जनपद भवन, गीता भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम





हरिभूमि जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। राज्य सरकार ने बहनों को रोजगारपरक उद्योगों में काम करने पर 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि अलग से देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में लैंगिग असमानता को खत्म करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। स्थानीय निकायों के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बेटियां सेना से लेकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अशोकनगर जिले में करीला धाम पहुंचकर माता जानकी और उनके पुत्र लव-कुश का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

### 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को आगामी नवरात्रि पर्व एवं गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं दीं।

### वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं : बिश्नोई

पूर्व मंत्री अजय बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश का नेतृत्व करते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू कर रहे हैं। बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए शुरू की गई टीकाकरण की यह योजना मील का पत्थर सिद्ध होगी। देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने में माताओं-बहनों का पूर्ण सहयोग सरकार को मिल रहा है। प्रदेश की आंगनवाड़ी एवं हेल्थ वर्कर्स की सहायता से विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान करने के लिए आमजन को जागरुक किया जा सकता है। कार्यक्रम में विधायक संतोष बरकड़े सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, लाड़ली बहनें एवं बड़ी संख्या में बेटियां उपस्थित थीं।



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर पहुंचे

# संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से स्पष्ट, सक्रिय और सक्षम बनाना आवश्यक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने रानीताल स्थित भाजपा के संभागीय कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत बड़ी बैठक में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा भी की। हालांकि चर्चा के दौरान वे मंत्रिमंडल विस्तार, निगम-मंडलों में नियुक्तियों और विपक्ष के आरोपों जैसे राजनीतिक एवं प्रशासनिक सवालों को टालते नजर आए।

मुख्यमंत्री ने संगठन विस्तार और प्रशिक्षण अभियान पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण की सतत प्रक्रिया ही भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में सहायक रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से स्पष्ट, सक्रिय और सक्षम बनाना आवश्यक है, और इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते हैं। चार संभागों का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग जबलपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में जबलपुर, रीवा, शहडोल सहित चार संभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, वरिष्ठ पदाधिकारी, मंत्री, विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हैं। इस प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, सांगठनिक कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वैचारिक सत्र, योग अभ्यास और विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर समूह चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, "हम सरकार के मुखिया भले ही हैं, लेकिन एक कार्यकर्ता होने के भाव से हमारे सांसद, विधायक और मंत्री दोनों दायित्वों का समान रूप से निर्वहन कर रहे हैं। संगठन की ताकत ही सरकार को जनहितैषी कार्यों में सफल बनाती है।" उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिली है।

### डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल भी पहुंचे

प्रशिक्षण अभियान में भाग लेने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी रीवा से जबलपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति को एक मिशन के रूप में देखती है और अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करती है। श्री शुक्ल ने कहा, "कार्यकर्ता अपने विचारों के प्रति प्रतिबद्ध रहें और अपनी भूमिका का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें, इसके लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। ऐसे आयोजनों से हम सभी को मार्गदर्शन और ऊर्जा मिलती है।"

### राजनीतिक सवालों से बनाई दूरी

हालांकि मुख्यमंत्री की मौजूदगी के दौरान पत्रकारों ने मंत्रिमंडल विस्तार, निगम-मंडलों में नियुक्तियां और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर सवाल पूछे, लेकिन उन्होंने इन मुद्दों पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने बातचीत को संगठनात्मक विषयों तक ही सीमित रखा। प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से भाजपा आगामी राजनीतिक और संगठनात्मक चुनौतियों के लिए अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करने की रणनीति पर काम करती नजर आ रही है। जबलपुर में आयोजित यह कार्यक्रम प्रदेश की राजनीति में संगठनात्मक मजबूती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# बकाया कर वसूली के लिए वार्डों में सख्ती, हुई कुर्की की कार्रवाई



**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बार-बार नोटिस देने के बावजूद बकाया कर जमा न कराने वाले करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क संपत्तियों को वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार नीलाम करने की भी कार्रवाई की जाएगी। संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निगम की राजस्व टीम ने भानतलैया संभाग में प्रभावी कार्यवाही की। इसी कड़ी में 9 मार्च 2026 को संभाग क्रमांक 06 के अंतर्गत गोविन्द बल्लभ पंत वार्ड में बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई प्रमुख भवनों पर बकाया कर की वसूली के लिए कुर्की प्रक्रिया अपनाई और उन भवनों पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किए, जिन पर बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया था। कुर्की की गई प्रमुख संपत्तियों और बकाया राशि इस प्रकार हैः अ. लतीफ – 34,534 रुपये, हाजी नबी बक्स – 34,268 रुपये, बरकत उल्ला मंसूरी – 59,930 रुपये। कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी प्रदीप मेरावी, अरविन्द श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शुभम जैन, एस. कौण्डया और राम कालेश तिवारी उपस्थित रहे।

## फेरी लगाकर डीजल बेचने वाला आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** शहपुरा थाना क्षेत्र में फेरी लगाकर डीजल बेचने वाला एक युवक पुलिस के हाथ लग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बोरी के अंदर प्लास्टिक की पन्नी में रखा 15 लीटर डीजल जब्त किया है। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर कर सूचना पर विराट कालोनी शनि मंदिर के पास डीजल बेचने की फिराक में खड़े विराट कालोनी शहपुरा निवासी 19 वर्षीय रवि बर्मन को गिरफ्तार कर उसके पास 15 लीटर डीजल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## दिग्विजय की बातों को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं : खंडेलवाल

# एसआईआर पर सियासत तेजः दिग्विजय के चुनाव आयोग जाने पर भाजपा का पलटवार

- रामनिवास रावत मामले में कोर्ट ने न्याय किया
- लगातार हार से कांग्रेस का आत्मविश्वास खत्म : राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि, जबलपुर।

एसआईआर को लेकर मध्यप्रदेश की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के चुनाव आयोग पहुंचने के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। जबलपुर दौरे पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मीडिया से चर्चा में कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रामनिवास रावत के विधायक बनने के मामले पर कहा कि कोर्ट ने न्याय किया है. यह पूरी तरह न्यायालयीन प्रक्रिया है। कोर्ट ने जो आदेश दिया है उसका पालन किया गया है और आगे भी न्यायालय जैसा आदेश देगा उसका पालन किया जाएगा। वहीं एसआईआर के मामले में दिग्विजय सिंह के चुनाव आयोग जाने पर खंडेलवाल ने तंज कसते हुए कहा कि वे दो-तीन दिन में रिटायर होने वाले थे, इसलिए उनकी बातों को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अक्सर ऐसे मुद्दों को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा करने की कोशिश करते हैं।

इधर, इसी मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण कांग्रेस और पूरा विपक्ष हताश हो चुका है और उनका आत्मविश्वास खत्म हो गया है। कभी ईव्हीएम का मुद्दा उठाते हैं और जहां चुनाव जीतते हैं वहां ईव्हीएम सही हो जाती है। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विपक्ष अब हर मुद्दे और हर प्रक्रिया का विरोध करता नजर आ रहा है। जनता बार-बार कांग्रेस को नकार रही है, इसलिए विपक्ष अनावश्यक विवाद खड़ा कर माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए और बेवजह के आरोप लगाने से बचना चाहिए।

## सिंहोरा हिंसाः फर्जी वीडियो पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 7 मार्च को चोपड़ा निवासी 24 वर्षीय शिवम कुमार श्रीवास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि इंस्टाग्राम पर एक पुराने वीडियो को "सिहोरा में फिर शुरू हुई लड़ाई" शीर्षक से पोस्ट किया गया, जिससे क्षेत्र में तनाव फैलाने की कोशिश की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66(डी) और बीएनएस की धारा 223(बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान साइबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम आईडी चलाने वाले की पहचान अजय सिंह राजपूत (19), निवासी ग्राम पटना रोड, थाना बहोरीबंद, जिला कटनी के रूप में हुई। पुलिस टीम ने कटनी में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय सिहोरा में पेश किया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट को साझा न करें, क्योंकि सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है। कार्रवाई में सिहोरा पुलिस और सोशल मीडिया सेल की टीम की विशेष भूमिका रही।

## एटीएम बदलकर खाते से 59 हजार निकाले

**जबलपुर।** केन्ट थानान्तर्गत कल अपरान्ह 3.40 बजे मेनरोड सदर स्थित यूनियन बैंक के एटीएम में रूपए निकालने गये एक पार्लर संचालक का पैसा नहीं निकलने पर एक अंजान व्यक्ति ने मदद करने के नाम पर उसके पिन कार्ड की जानकारी लेकर एटीएम कार्ड बदल दिया। दुकान आने पर पार्लर संचालक के मोबाईल फोन पर लगातार मैसेज आये जिसमें पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें मदद का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 59 हजार 3 सौ रूपए निकाल लिये हैं। केन्ट पुलिस ने बताया कि संजय नगर अधारताल निवासी रोहित सेन गली नंबर-9 सदर में मेन्स पार्लर चलाता है कल अपरान्ह 3.40 बजे सदर मेनरोड स्थित यूनियन बैंक के एटीएम में पैसा निकालने गये थे कई बार प्रयास करने पर भी जब पैसे नहीं निकले तो एटीएम में मौजूद अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें मदद करने की बात कहकर एटीएम मशीन में कार्ड लगाकर पिन नंबर डालने कहा। इसी दौरान युवक ने रोहित का पिन नंबर देख लिया और शातिर तरीके से उसका एटीएम कार्ड भी बदल दिया। एटीएम से पैसा निकालने के बाद रोहित अपने पार्लर आ गया कुछ देर बाद उसके मोबाईल पर लगातार मैसेज आये। संदेह होने पर जब उसने मैसेज चैक किये तो पता चला कि उसके यूनियन बैंक के खाते से 59 हजार 3 सौ रूपए निकल गये हैं और वह मदद के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हो गया है।

## अतिक्रमण हटाने पर जोर, विस्थापन के दावे कमजोर

# अधर में 714 परिवारों का भविष्य

हरिभूमि जबलपुर।

मदन महल पहाड़ी पर वर्षों से बसे करीब 714 परिवार इन दिनों असमंजस और भय के माहौल में जी रहे हैं। न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। बुल्डोजर की आवाज के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि 40-50 साल से यहां रह रहे इन परिवारों का भविष्य अब क्या होगा? सोमवार को भी प्रशासनिक अमला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। कई परिवारों ने बुल्डोजर चलने से पहले ही अपने घरों की टीन, दरवाजे, खिड़कियां और अन्य सामग्री स्वयं निकालनी शुरू कर दी, ताकि कुछ सामान सुरक्षित बचाया जा सके। लोगों का कहना है कि मलबे में सब कुछ टूट जाता है, इसलिए जो बच सके वही आने वाले दिनों में काम आएगा।

### पीढ़ियों का बसेरा, एक झटके में उजड़ा

मदन महल पहाड़ी पर बसे कई परिवारों का कहना है कि वे यहां पिछले चार-पांच दशकों से रह रहे हैं। यहीं बच्चों का जन्म हुआ, यहीं उनकी परवरिश हुई और यहीं से रोजी-रोटी का जरिया जुड़ा। बुजुर्गों की आंखों में आंसू थे। उनका कहना था कि जमीन भले ही सरकारी हो, लेकिन वे अपराधी नहीं हैं। वर्षों से रह रहे लोगों को अचानक हटाना उनके लिए बेहद कठिन है। कार्रवाई के दौरान भावुक दृश्य देखने को मिले। महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे अपने घरों को टूटता देख बिलख पड़े। कुछ बच्चे स्कूल ड्रेस में ही खड़े थे। घर उजड़ने की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

### तेवर में पुनर्वास, लेकिन सुविधाएं अधूरी

प्रशासन के अनुसार सभी परिवारों को तेवर क्षेत्र में शिफ्ट किया जाएगा और प्रत्येक को 450 वर्गफीट का प्लॉट दिया जाएगा। लेकिन विस्थापित होने वाले परिवारों का कहना है कि मौके पर न तो बिजली की व्यवस्था है, न पानी, न नाली और न शौचालय। कुछ लोगों को अस्थायी तौर पर बांस और तंबू दिए जा रहे हैं।

### पर्ची मिली लेकिन सूची में नाम नदारद

कई परिवारों का दावा है कि वर्ष 2019 में उन्हें पर्ची दी गई थी, लेकिन अब पट्टा सूची में उनका नाम नहीं है। ऐसे परिवारों में सबसे ज्यादा चिंता है कि कहीं वे पूरी तरह बेघर न हो जाएं। महिलाओं का कहना है कि घर में जवान बेटियां हैं, खुले मैदान में रहना सुरक्षित नहीं होगा।

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पिछले तीन दिनों से चल रही इस बड़ी कार्रवाई के बीच अब तक किसी भी राजनीतिक दल का कोई भी जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय वादे किए जाते हैं, लेकिन संकट की घड़ी में कोई साथ खड़ा नजर नहीं आता। प्रशासन का कहना है कि पूरी कार्रवाई न्यायालय के आदेश के तहत की जा रही है और सभी को नियमानुसार पुनर्वास दिया जाएगा। लेकिन जमीनी स्थिति और लोगों की आशंकाएं कई सवाल खड़े कर रही हैं।



## अभी से चुभने लगी धूप, तापमान 35 लेकिन अहसास 38 का

**जबलपुर।** मार्च के पहले सप्ताह में ही जिस तरह से गर्मी अपना असर दिखा रही है उससे ग्रीष्म का यह मौसम आने वाले दिनों में भारी पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वैसे जम्मू-कश्मीर के ऊपर बह रही उत्तर पश्चिम जेट हवाएं पारे को उछलने से फलहाल रोक रही है। वहीं इस समय हवा की दिशा भी उत्तर-पूर्वी है जिससे तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास ही ठहरा है वहीं रात का तापमान 17 -18 डिग्री के इर्द-गिर्द बना हुआ है। सूरज की तेज किरणें दिन चढते ही चुभने लगी हैं वहीं रात में भी धीरे धीरे ठंडक गायब होने लगी है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में दिन का तापमान दो से तीन डिग्री तक बढ़कर 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 16 मार्च के बाद जरूर मौसम में बदलाव के आसार है। रविवार की तरह सोमवार को भी दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से उपर आंका जा रहा है जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य रहकर 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वैसे तो दिन का तापमान 35 के आसपास है लेकिन सूर्यदेव की तपन तापमान के 38 तक होने का आभास करा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 11 मार्च तक तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी हो सकती है।

हाई कोर्ट ने कहा- अधीनस्थ अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान में हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं बनता

# साइकिल चुनाव चिन्ह आक्षेप मामले में चलेगा मानहानि प्रकरण

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि अधीनस्थ अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान में हस्तक्षेप का कोई कारण नहीं बनता। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने इसी के साथ नगरपालिका परिषद शहडोल के चुनाव के दौरान साइकिल चुनाव चिन्ह आक्षेप मामले में मानहानि प्रकरण चलाए जाने पर मुहर लगा दी। इस आदेश से दिनेश दीक्षित को झटका लगा, जबकि राकेश सिंह बघेल को राहत मिली।**



राकेश सिंह व अन्य प्रतिवादी राशिद खान की ओर से दलील दी गई कि नगरपालिका परिषद, शहडोल के चुनाव में दिनेश दीक्षित व राकेश सिंह बघेल, दोनों अध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे, हालांकि दोनों चुनाव में पराजित हो गए। इसके बाद आवेदक ने पुलिस अधीक्षक, शहडोल को लिखित शिकायत भेजते हुए प्रतिवादियों पर जाली दस्तावेजों के आधार पर साइकिल चुनाव चिन्ह प्राप्त करने और धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए। साथ ही इस संबंध में निजी शिकायत भी दर्ज कराई गई, जिसे बाद में आवेदक द्वारा वापस ले लिया गया। इसके पश्चात प्रतिवादियों ने आरोप लगाया कि झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया। जिसके आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 500 अंतर्गत मानहानि प्रकरण में संज्ञान लिया। तर्क दिया गया कि चुनाव हारने के बाद दिनेश दीक्षित ने बिना किसी ठोस आधार के गंभीर आरोप लगाए और उन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशित भी कराया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। साथ ही यह भी कहा गया कि नामांकन की जांच के समय कोई आपत्ति नहीं उठाई गई थी और बाद में की गई शिकायत को स्वयं आवेदक ने वापस ले लिया, जो आरोपों की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा करता है। दिनेश दीक्षित की ओर से यह तर्क दिया गया कि शिकायत सार्वजनिक हित और चुनाव से जुड़े मुद्दे पर सद्भावना में की गई थी और यह भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के अपवादों के अंतर्गत आती है।

# दिल्ली में तरूण खटीक की हत्या के विरोध में हिन्दू सेवा परिषद का उग्र प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं ने 'जिहादी मानसिकता' का पुतला दहन किया, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और महिला आरोपी पर भी कार्रवाई की मांग

**जबलपुर।** मालवीय चौक पर हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के उत्तम नगर में हुई तरूण खटीक (26 वर्षीय) की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'जिहादी मानसिकता' का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। परिषद के पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत निंदनीय घटना बताया और कहा कि हिंदू त्योहारों के समय इस तरह की लक्षित हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि दोषियों को फांसी जैसी कड़ी सजा दी जाए और ऐसे आरोपियों का एनकाउंटर किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में बांग्लादेश जैसी हिंसा होने से देश स्तब्ध है और समस्त हिन्दू समाज आक्रोशित है। हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश सचिव उत्कर्ष रावत ने कहा कि केवल दोषियों को सजा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस विचारधारा को समाप्त करना भी आवश्यक है जो



इस तरह की हिंसक घटनाओं को बढ़ावा देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामूली विवाद जैसे रंगों के छींटे पड़ने पर किसी की जान लेना समाज के लिए खतरनाक संकेत है। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और उग्र होगा।

# शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**मझौली।** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय मझौली में विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सोमवार 9 मार्च 2026 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की कुमारी मानसी राय ने प्रथम, कुमारी डॉली चौधरी ने द्वितीय



तथा आकांक्षा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. भजनलाल प्रधान ने छात्रों को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समृद्धि परांजपे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर वाहन रैली के लिए बैठक आज

**सिहोरा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव की विशाल वाहन रैली को भव्यता देने हेतु हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में एक विशाल बैठक का आयोजन आज मंगलवार को श्री कालभैरव मंदिर सिहोरा में रात्रि 8 बजे आयोजित की गई है जिसमें सभी युवा,बड़े बुजुर्ग, जाती बिरादरी संगठनों, व्यापारिक संगठनों दुर्गा गणेश उत्सव समितियों सहित सभी समाजिक संगठनों से बैठक में शामिल होकर अपने अपने अमूल्य विचार सांझा करने का अनुरोध किया गया है ताकि हम अपने आराध्य प्रभु श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को उत्साह के साथ भव्यता प्रदान करते हुए इस उत्सव को मनाएं।

# 5वीं और 8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू, शिक्षकों की कमी बनी चुनौती

सिहोरा।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में कक्षा 5 वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ हो गया है। बीईओ अरविंद सिंह धुर्वे और बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### मूल्यांकन हेतु सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था

मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्राचार्य बी.एस.परस्ते और विनोद पटेल के निर्देशन में पूरी टीम तैनात है। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा और सुलभ वितरण के लिए विद्यालय में एक विशेष स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहीं से पैकेटों का वितरण और संकलन किया जा रहा है ताकि गोपनीयता और सुरक्षा बनी रहे।

### पोर्टल पर अंकों की तत्काल ऑनलाइन फीडिंग

हेड वैल्यूअर अशोक तिवारी ने बताया कि इस बार मूल्यांकन के साथ-साथ तकनीकी सटीकता पर भी विशेष जोर है। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद 'पर्ण' (मार्क्स शीट) भरेंगे। इसके बाद हेड वैल्यूअर की सहायता से अंकों की प्रविष्टि सीधे राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर ऑनलाइन की जाएगी, जिससे परीक्षा परिणाम घोषित करने में देरी न हो।

### स्थानीय परीक्षाओं के कारण मूल्यांकनकर्ताओं की कमी

मूल्यांकन कार्य में वर्तमान में एक बड़ी चुनौती शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर आ रही है। चूंकि अभी प्राथमिक की कक्षा 3, 4 और माध्यमिक की कक्षा 6, 7 के साथ-साथ हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी (9 वीं व 11वीं) की स्थानीय परीक्षाएं भी संचालित हो रही है इसलिए शिक्षकों पर दोहरा भार है। बहुत से मूल्यांकनकर्ता दोपहर बाद अपनी ड्यूटी खत्म कर मूल्यांकन केंद्र पहुँच रहे हैं।मूल्यांकन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के पृथक-पृथक लगभग 40 विषय विशेषज्ञों को लगाया गया है।

### प्रमुख सहयोगीयों की तैनाती

प्रमुख सहयोगियों में कक्षा 5 वीं - हेड वेल्यूअर अभिषेक उरमलिया, संदीप पटेल,अनिल विश्वकर्मा,आशीष पहारिया, कक्षा 8वीं में अशोक साहू, राम किशोर,संजीव उरमलिया, नीलेश शुक्लामनीष विश्वकर्मा, अब्दुल रहीम खान, सहायक केन्द्र प्रभारी (8वीं) रामशरण बागरी, जन शिक्षक संजीव गुप्ता, कंट्रोल रूम प्रभारी आर. के. नेमा, मूल्यांकन सहयोगी अर्जुन गर्ग, योगेन्द्र मिश्रा, सतीश तिवारी प्रमुख सहयोगियों में उपस्थित रहे।

## भोपाल के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के विरुद्ध एफआइआर का आदेश निरस्त

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें भोपाल के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के विरुद्ध एफआइआर के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त, भोपाल को तत्काल एफआईआर करने के निर्देश दिए थे। मामला फर्जी सेल डीड पर इंदिरा प्रियदर्शनी कालेज के संचालन से जुड़ा है। कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को एसआइटी गठित करने भी कहा था। हाईकोर्ट के इस आदेश को आरिफ ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुको के जस्टिस जेके माहेश्वरी एवं जस्टिस अतुल चंदूरकर की खंडपीठ ने कहा कि सरकार का जवाब आने से पहले इस तरह के अंतरिम आदेश की जरूरत नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आदेश में कड़ी शर्तें लगाई गईं और पुलिस कमिश्नर को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। पहली नज़र में यह ऑब्ज़र्वेशन सही नहीं है। सुको में आरिफ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाईकोर्ट ने मामले में सरकार का जवाब आने से पहले ही एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी गठित करने का आदेश दिया, जोकि अनुचित है।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने वृंदावन वर्मा

जबलपुर। वरिष्ठ समाजसेवी वृंदावन वर्मा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की अनुशंसा पर उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। इस नियुक्ति से जबलपुर सहित पूरे प्रदेश के कुशवाहा समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। बताया गया है कि वृंदावन वर्मा लंबे समय से समाज सेवा और सामाजिक



संगठन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे जननायक सुखलाल कुशवाहा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में जागरूकता फैलाने, युवाओं को संगठित करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहे हैं। समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार और संगठनात्मक मजबूती के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय माना जाता है। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि वर्मा के प्रदेश अध्यक्ष बनने से कुशवाहा समाज को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर नन्द कुमार कुशवाहा ने कहा कि वृंदावन वर्मा का प्रदेश अध्यक्ष बनना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है और उनके अनुभव व नेतृत्व क्षमता से समाज को नई दिशा मिलेगी।

# सृजनात्मक कार्य करने वाली मातृशक्ति सम्मानित

## स्व-सेवा संयोजन समिति का आयोजन

**सिहोरा।** नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन वसुधा सुमन राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत प्रचारिका के मुख्य आतिथ्य, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष,अंजली पांडे जिला पंचायत सदस्य, दिलीप नायक जेलर,प्रमोद साहू,शिशिर पांडे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक,साहित्यिक एवं अन्य क्षेत्रों में सृजनात्मक कार्य करने वाली मातृशक्तियों का संस्था द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर देहदान महादान अभियान के अंतर्गत प्रमोद साहू स्वयं देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं तथा उन्होंने उपस्थित जनों को भी देहदान के लिए प्रेरित



किया। इसी तरह इस वर्ष रमा सरावगी,शिल्पा प्रदीप साहू,संदीप विजय साहू एवं जमना प्रसाद लोधी द्वारा देहदान का संकल्प लिया गया। संस्था ने सभी संकल्पकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पार्षद बेबी विनय पाल,रीता शुक्ला, कृष्णा सरावगी, साधना साहू,सुषमा खरे,सुनीता गुप्ता,साधना मिश्रा,वर्षा ठाकुर,आशा जैन,चंदा नौगरहिया, आशा बिलैया आदि उपस्थित थीं।सरस्वती वंदना की संगीता सिंघई ने प्रस्तुत की आयोजन समिति की कोषाध्यक्ष मीनू परिहार,भावना गौतम, सुषमा गौतम,राखी तिवारी, रंजना ठाकुर,अंजना मिश्रा,आकांक्षा गर्ग,दिव्या साहू,मंजू मिश्रा एवं दीप्ति जैन के संयुक्त समन्वय से आयोजित किया गया। संचालन संस्था की सचिव सारिका साहू एंव आभार व्यक्त समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली ने व्यक्त किया।



# मीना बाजार हुआ गुलजार ईद की तैयारियों से बढ़ा उत्साह

**जबलपुर।** रमज़ान के पाक महीने के अंतिम दिनों के साथ ही मिलौनीगंज मछली मार्केट, चार खंबा, बहोराबाग से लेकर रज़ा चौक तक लगने वाला मीना बाजार पूरी तरह गुलजार हो गया है। ईद के करीब आते ही यहां खरीदारी का उत्साह चरम पर पहुंच गया है और सुबह से ही बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। दोपहर से शुरू होने वाला यह बाजार रात्रिकालीन तरावीह की नमाज के बाद और अधिक चहल-पहल से भर जाता है। मुस्लिम समुदाय की बुर्का पहने महिलाएं, युवक-युवतियां और बच्चे ईद की खरीदारी में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

**खरीदारी की दिखी रौनक, सेवइयाँ, इत्र और कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़**

बाजार में मीठी सेवइयां, खुशबूदार इत्र, रंग-बिरंगे सलवार-सूट, कुर्ता-पायजामा सहित बच्चों और बुजुर्गों की जरूरत की सभी वस्तुएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मीना बाजार में देश-विदेश से आए उत्पादों के साथ स्थानीय हस्तशिल्प की दुकानों ने खरीदारी को और भी आकर्षक बना दिया है। खास बात यह है कि यहां सभी धर्म और जाति के लोग आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। इस ऐतिहासिक मीना बाजार की परंपरा मुगल काल से जुड़ी मानी जाती है, जब आगरा और दिल्ली में भी ऐसे बाजार लगाए जाते थे। जबलपुर में यह बाजार आज भी संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब का प्रतीक बनकर आयोजित किया जाता है। मदनी मिल्लत सेवा समिति के सरपरस्त मतीन अंसारी और अध्यक्ष आसिफ इकबाल के नेतृत्व में बाजार में पानी की व्यवस्था और स्पीकर के माध्यम से भीड़ नियंत्रण के प्रबंध किए गए हैं, साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समुदाय के हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी मकबूल अहमद रज़वी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिजवान, हाजी मुईन खान, जमा खान, मतलूब अंसारी, तालिब हुसैन, याकूब अंसारी, अयाज़ राइन, आमीन कुरैशी, मुबारक अली, सैय्यद कादिर अली कादरी, अकबर खान सरवर, ताहिर खान, तौसीफ रज़ा, शमीम अंसारी गुड्डू, अशरफ मंसूरी और जवाहर कादरी सहित अन्य लोगों ने पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस बल की मांग भी की है।

# धनगवां में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**निकली महिला जागरूकता रैली सांस्कृतिक कार्यक्रम में खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

**पनागर।** ग्राम पंचायत धनगवां में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान, अधिकार और जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था "आदिवासी जन कल्याण एवं बाल उत्थान समिति, धनगवां" द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सरपंच शोभा भैयाजी सेन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं की समस्याओं और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जागरूक होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं ग्राम पंचायत सचिव बलराम सेन ने महिलाओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर पूरे गांव में महिला जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं सोनम, संध्या, सृष्टि, महिमा, संजना, अंजनी एवं मोहिनी ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता में ग्राम धनगवां से द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों नीरज, अमित एवं अमित भूमिया का सरपंच द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज सेविका विनीता आदिवासी ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों पर जोर देते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया तथा देहदान का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नीरज चौधरी, कोषाध्यक्ष अभिषेक पटेल, ग्रामवासी चमेली बाई, ज्योति भूमिया, लज्जो, शेखर भूमिया, संजय, मोहित सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं नवरचना समाज सेवी संस्थान से कार्यकर्ता कृष्णा जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# नहर की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, मिट्टी खोदकर बनाई जा रहीं ईंटें

## प्रशासन की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश, जांच व कार्रवाई की मांग

**पनागर।** पनागर तहसील के ग्राम पंचायत उमरिया पठरा में शासकीय नहर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल संसाधन विभाग की नहर से संबंधित जमीन पर मिट्टी की खुदाई कर ईंटें बनाई जा रही हैं, जबकि प्रशासन अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 184 रकबा 1.15 की भूमि, जो जल संसाधन विभाग की नहर से संबंधित बताई जा रही है, पर कथित रूप से कब्जे की गतिविधियां चल रही हैं। बताया जा रहा है कि खसरा नंबर 292 के सामने सड़क किनारे



स्थित नहर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि नेहा पटेल पति अजय कुमार पटेल तथा कुसुमलता हल्दकर पति कृष्ण कुमार हल्दकर द्वारा नहर की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

आरोप है कि यहां मिट्टी निकालकर बड़े गड्ढे कर दिए गए और उसी मिट्टी से ईंटें बनाकर बेची जा रही हैं, जिससे शासकीय भूमि को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने राजस्व और जल संसाधन विभाग की संयुक्त टीम से मौके पर जांच कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे मामले को जिला प्रशासन और कलेक्टर के समक्ष उठाकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**श्री सुरेंद्र त्रिपाठी-** सिहोरा, ज्वालामुखी तिराहा वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्री सुरेंद्र त्रिपाठी का 73 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल मुक्तिधाम में किया गया। वे सोनू त्रिपाठी के पिता थे।

**श्रीमती नीलम चौधरी-** रांझी निवासी श्री नर्बदा प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा-** मां रेवा नगर करमेता निवासी श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार गुप्ता-** बड़ी ओमती चौराहा के पास निवासी श्री सुरेश कुमार गुप्ता (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद राव वासनिक-** चांदमारी तलैया पंचशील स्कूल रोड लालमाटी निवासी श्री आनंद राव वासनिक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. अशोक कुमार चौरसिया-** चौथे पुल के निकट निवासी डॉ. अशोक कुमार चौरसिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा विश्वकर्मा-** वृंदावन नगर कठौंदा कटंगी रोड निवासी श्री संत




कुमार विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा विश्वकर्मा (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र पटेल-** पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री छिदामी लाल पटेल के पुत्र श्री सुरेंद्र पटेल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई कोल-** छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री गोविंद कोल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री यशवंत कुमार कुशवाहा-** कांचघर स्थित थाने के पास निवासी श्री यशवंत कुमार कुशवाहा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकली कोरी-** अच्छे मियां का बाड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री गामा कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकली कोरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुड्डो बाई मेहतो-** आजाद चौक रामपुर निवासी श्री गोविंद मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डो बाई मेहतो (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल कोरी-** प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री जगदीश प्रसाद कोरी के पुत्र श्री लखन लाल कोरी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय कुमार पांडे-** त्रिमूर्ति नगर कृष्णा कॉलोनी निवासी श्रीकांत पांडे के पुत्र श्री संजय कुमार पांडे (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील पटेल-** गौरीघाट रोड खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री राजाराम पटेल के पुत्र श्री सुनील पटेल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री केएम रामाकृष्णन-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री केएम रामाकृष्णन (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुमलता-** नेपियर टाउन पंजाबी हिंदू एसोसिएशन हाल के पास निवासी श्री मानिक कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुमलता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती लालवती द्विवेदी:** शिव नगर निवासी लालवती द्विवेदी का 91 वर्ष की उम्र में कल रात 8 बजे देवलोकगमन हो गया। आप आशा आदित्य तिवारी की माता जी, अंकित तिवारी की नानी थी। अंत्येष्टि आज 10 मार्च को प्रातः 11:00 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में होगी।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 1×3 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
न्यूनतम साइज 1×3 से.मी. रंगीन 400/-
न्यूनतम साइज 10×3 से.मी. रंगीन 1100/-

## खबर संक्षेप




### डाइकिन उत्पादों के दाम 12 प्रतिशत बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनी डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है, क्योंकि कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला का खर्च बढ़ गया है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

### रेमंड रियल्टी का आवास परियोजना के लिए करार



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी रेमंड रियल्टी लिमिटेड ने मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने मुंबई के कांदिवली के एक प्रमुख स्थान में एक प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### एआरसीआईएल ने काकरला को किया सीईओ नियुक्त



**मुंबई।** एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एआरसीआईएल) ने फणींद्रनाथ काकरला को आठ मार्च से अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि काकरला ने पल्लव मोहपात्रा का स्थान लिया है। मोहपात्रा ने सीईओ और एमडी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पद छोड़ दिया था। एआरसीआईएल के चेयरमैन नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, ''हमें विश्वास है कि वह कंपनी को वृद्धि और मूल्य निर्माण के अगले चरण में ले जाएंगे। यह पिछले वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा परिकल्पित उत्तराधिकार योजना का हिस्सा है।''

### जैक्वार का राजस्व 1,700 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** बाथरूम और लाइटिंग समाधान मुहैया कराने वाले जैक्वार समूह ने अगले तीन वर्षों में लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,700 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यायसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के अलावा बल्ब और ट्यूब लाइट जैसे उपभोक्ता प्रकाश उत्पाद शामिल है।

### आईआईएफसीएल का ऋण एक लाख करोड़ पार जाएगा

IIFCL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक रोहित ऋषि ने कहा कि मजबूत परियोजनाओं के दम पर वित्त वर्ष 2026-27 के अंत से पहले कंपनी द्वारा वितरित ऋण एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहा, 31 दिसंबर 2025 तक वितरित किया गया कुल ऋण 80,515 करोड़ रुपये था। हमारी वर्तमान गति और विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं की मजबूत मांग को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष के अंत तक ऋण पोर्टफोलियो एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा।''

# बाजार में उल्टा असर, ईरान-इजराइल युद्ध के बावजूद सोने में गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आमतौर पर जियो-पॉलिटिकल टेंशन जब बढ़ते हैं तो सोने-चांदी की कीमतें भी आसमान छूती हैं, लेकिन इस बार उलटा असर हो रहा है। ईरान-इजरायल-अमेरिका में युद्ध के बावजूद सोमवार को ग्लोबल मार्केट में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। आमतौर पर, ऐसे हालात में निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने-चांदी की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस बार बाजार में उलटा रुख देखने को मिला है। कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 1.3 प्रतिशत फिसलकर 5,090 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई।

## ग्लोबल बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

### तेजी के बाद मुनाफावसूली का दौर

रॉयटर्स के मुताबिक कीमती धातुओं में गिरावट की एक बड़ी वजह निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किया जाना है। पिछले कुछ महीनों में सोने ने शानदार तेजी दिखाई थी, जिसके बाद निवेशक अब अपने मुनाफे को भुनाने में लगे हैं। इसके पीछे एक और वजह यह है कि शेयर बाजार में जारी गिरावट के चलते निवेशक अपने पोर्टफोलियो में हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए सोने के हिस्से को बेचकर नकदी जुटा रहे हैं। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस के मुताबिक, फिलहाल सोने की कीमतों पर मध्य पूर्व की स्थिति का सबसे अधिक असर देखा जा रहा है।



### बढ़ते तेल के दाम ने बढ़ाई चिंता

जहां एक ओर सोने की कीमतें लुढ़क रही हैं, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की कीमतों ने नए रिकॉर्ड बना लिए हैं। ब्रेंट क्रूड का भाव 27 प्रतिशत से अधिक उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, जो महामारी के बाद से सबसे बड़ी एक दिवसीय छलांग है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 115 डॉलर के करीब पहुंच गया। तेल की कीमतों में यह उछाल होर्मुज स्ट्रेट से तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं के चलते आया है।

### डॉलर मजबूत, कीमती धातुएं कमजोर

कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव का एक और बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना और बॉन्ड यील्ड (ब्याज दरों) में बढ़ोतरी है। बाजार में अनिश्चितता के दौर में निवेशक नकदी के लिए डॉलर का रुख कर रहे हैं। वहीं, बढ़ती महंगाई के कारण अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड भी ऊपर गई है।

### युद्ध का बाजार पर उल्टा असर

विश्लेषकों का कहना है कि सोने की कीमतों में यह उतार-चढ़ाव किसी बुनियादी बदलाव की वजह से नहीं, बल्कि युद्ध के चलते पैदा हुई शार्ट टर्म वोलेटिलिटी के कारण हो रहा है। जोसेफ थॉमस का कहना है कि एक बार भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद, अमेरिकी ब्याज दरों और डॉलर की दिशा जैसे पारंपरिक कारक ही सोने-चांदी की कीमतों को तय करेंगे। फिलहाल, निवेशक सुरक्षित निवेश और बाजार की तरलता की जरूरत के बीच उलझे हुए।

## अमेरिका के ऊर्जा मंत्री राइट ने भारत से किया अनुरोध

# भारत बाजार में उपलब्ध रूसी तेल खरीद कर अपनी रिफाइनरियों में भेजे : अमेरिका

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

> संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को रोका जा सके

## समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद कच्चे तेल को भारत की ओर मोडे

### कच्चे तेल के कार्गो भारत खरीद सके

राइट ने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके।



### बहुत सा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है

राइट ने कहा, /"भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है। मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, /"वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।/"

### अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया

इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और /"भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।/" जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।''

### 30 दिनों की रूस से तेल खरीदी की मिली छूट

वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले हफ्ते दी गई छूट के तहत भारत 30 दिनों तक रूस से कच्चा तेल खरीद सकता है। इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने पर भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा दिया था। लेकिन पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत इस शुल्क को हटाने की बात कही गई थी।

### अमेरिकी राजदूत ने भी किया समर्थन

राइट ने यह भी कहा कि भारत ने रूसी तेल आयात को पूरी तरह बंद कर दिया है और अमेरिका, वेनेजुएला और अन्य देशों से अपने आयात बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अस्थायी और व्यावहारिक उपाय है।

# रुपया 53 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

## कच्चे तेल में उछाल से डॉलर हुआ मजबूत रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 53 पैसे की कमजोरी है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 18



पैसे गिरकर 91.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, /"कमजोर वैश्विक बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आए तेज उछाल के कारण रुपया शुरुआत में ही काफी कमजोर खुला और 92.35 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर तक खिसक गया। एशियाई कारोबार के दौरान तेल की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत तेजी देखी गई। डॉलर में मजबूती और विदेशी निवेशकों की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा।/"

### डॉलर सूचकांक में 0.35 प्रतिशत बढ़कर 99.33 पर

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत वायदा कारोबार में 15.18 प्रतिशत बढ़कर 106.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण तेल की कीमतों में तेजी आई है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 प्रतिशत बढ़कर 99.33 पर पहुंच गया।

## मिडिल ईस्ट में गहराता संकट बढ़ा सकता है जोखिम

# नैसकॉम ने कहा, आईटी कंपनियां सतर्कता और साइबर सुरक्षा बढ़ाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के प्रमुख संगठन नैसकॉम ने सोमवार को प्रौद्योगिकी कंपनियों को पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए अपनी परिचालन तैयारियों और साइबर सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी है।

नैसकॉम ने आगाह किया है कि अनिश्चितता के इस माहौल में कामकाज में बाधा आने और साइबर खतरों का जोखिम काफी बढ़ सकता है। अपनी सदस्य कंपनियों के लिए जारी एक नए परामर्श में नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक परिचालन स्थिर है, लेकिन कंपनियां अपनी आकस्मिक योजनाओं की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही हैं।

झटकों को झेलने या उनसे उबरने की अपनी क्षमता को और मजबूत कर रही हैं, ताकि /"समय के साथ स्थिति बदलने पर/" होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान को कम किया जा सके। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष गहरा गया है। इसके जवाब में हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने हवाई क्षेत्र को प्रभावित किया है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता, साइबर खतरों और वैश्विक प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे, यात्रा मार्गों व समुद्री व्यापार पर इसके संभावित असर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नैसकॉम ने सोमवार को जारी बयान में कहा, ''पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर नैसकॉम ने सदस्य कंपनियों के लिए एक और परामर्श जारी किया है।



### क्लाउड व डेटा केंद्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर करे विचार

परामर्श में कंपनियों को यह सुझाव भी दिया गया है कि वे अपनी सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने और महत्वपूर्ण डेटा व सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'क्लाउड ढांचे' और 'डेटा केंद्रों' के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करें।

# भारत उपभोक्ता प्रौद्योगिकी का वैश्विक मंच बनने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी 'नथिंग' के सह-संस्थापक और भारतीय इकाई के प्रमुख अकिस इवांगेलिडिस ने कहा है कि बढ़ते विनिर्माण आधार और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला के दम पर भारत उपभोक्ता प्रौद्योगिकी के अगले वैश्विक मंच के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

उपभोक्ता प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की 'यूनिकॉर्न' (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली कंपनी) और लंदन मुख्यालय वाली इस कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु में देश के अपने पहले 'फ्लैगशिप स्टोर' का उद्घाटन किया है। कंपनी का कहना है कि वह भारत में अत्यधिक तीव्र वृद्धि की राह पर अग्रसर है।

> ■ स्मार्टफोन कंपनी नथिंग के सह-संस्थापक अकिस का मानना

इवांगेलिडिस ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा, ''यह यात्रा काफी चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन साथ ही बेहद फायदेमंद और रोमांचक भी रही है। भारत एक रणनीतिक बाजार है और हमारे उद्योग में वैश्विक स्तर पर भारत से काफी कुछ हो रहा है। हम निश्चित रूप से आने वाले समय में भारत को इसमें सबसे आगे देख रहे हैं।''

## ईरान संकट से अर्थव्यवस्था के लिए नए जोखिम हो सकते हैं पैदा

# अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतियां बढ़ने की आशंका : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए तेल-गैस आयात, प्रवासी समुदाय की तरफ से भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा और विनिमय दर जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

फिच रेटिंग्स ने 'ईरान संघर्ष से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए उपजे नए ऋण जोखिम' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यदि खाड़ी क्षेत्र से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में अपेक्षा से अधिक व्यवधान आता है तो वैश्विक निवेशकों की धारणा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

### अमेरिकी डॉलर हो रहा मजबूत

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी स्थिति में अमेरिकी डॉलर मजबूत हो सकता है और खासकर उच्च जोखिम वाले उधारकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कर्ज जारी करना मुश्किल हो सकता है। फिच ने कहा, /"ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई पर भी दबाव बढ़ेगा और इससे दुनिया भर में मौद्रिक नीति के फैसलों पर असर पड़ सकता है।/"




### तेल और गैस आयात पर असर

रिपोर्ट के मुताबिक, तेल और गैस आयात पर इस संघर्ष का सबसे सीधा असर देखने को मिलेगा। इसकी वजह यह है कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुद्ध जीवाश्म ईंधन आयात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन प्रतिशत या उससे अधिक के बराबर है।

### आयात की लागत बढ़ सकती है

हालांकि लंबे समय तक यह व्यवधान कायम रहने की स्थिति में असर ज्यादा गंभीर हो सकता है। आयात की लागत बढ़ने से पाकिस्तान जैसे उन देशों पर दबाव अधिक होगा जिनकी वित्तीय क्षमता पहले से कमजोर है या जिनका चालू खाता घाटा अधिक है।

### सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकता है

रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा कीमतें लंबे समय तक ऊंची रहने से उन सरकारों पर वित्तीय दबाव बढ़ सकते हैं, जो उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए ईंधन पर सब्सिडी देती हैं या कीमतों में बढ़ोतरी के जवाब में ऐसी योजनाएं शुरू करती हैं। **तेल उत्पादन ढांचे को नुकसान हो सकता है :** रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस का परिवहन एक महीने से कम समय तक बंद रहता है और क्षेत्र के तेल उत्पादन ढांचे को बड़ा नुकसान नहीं होता है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं की साख पर जोखिम सीमित रह सकता है।

### बैंकिंग प्रणाली में आए 50,000 करोड़ रुपए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद कर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये डाले। आरबीआई ने बयान में कहा कि उसने 13,507 करोड़ रुपये मूल्य के 6.33 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति (जीएस) 2035 बॉन्ड, 13,494 करोड़ रुपये मूल्य के 6.01 प्रतिशत जीएस 2030 बॉन्ड, 8,157 करोड़ रुपये मूल्य के 6.10 प्रतिशत ।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 06/2026 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / जी / मु.अ. (भ.) / ... जबलपुर दिनांक 02.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वषार्काल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWPIU_487484_1 | वि.ख. डिण्डौरी जिला डिण्डौरी में 08 नग आंगनबाडी भवनों का शेष निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | डिण्डौरी | 89.65 | 89650.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mpeproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे ।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा ।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06.03.2026 समय 09:00 से दिनांक 20.03.2026 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग डिण्डौरी, (म.प्र.)

G-26939/25

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्रमांक:** C/54/NGP/2025-2026 **कार्य का नाम:** कलमना बैलास्ट डिपो में रेलवे विनिर्देशों के अनुरूप 50mm गेज मशीन क्रश्ड स्टोन बैलास्ट लगभग 4,00,000 cum. के स्टैक्स में सप्लाई और डिलीवरी करना और कलमना डिपो में रेलवे वैगन्स में लोड करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 35,24,48,000/- **बयाना राशि:** ₹ 19,12,200/-

**2. निविदा क्रमांक:** C/55/NGP/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN, तुमसर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत BRD में 04 स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत व कंस्ट्रक्शन (कुल - 04), विद्युत कार्य के सहित। (2) ADEN, तुमसर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत तुमसर में उत्तर और दक्षिण कॉलोनी स्टाफ क्वार्टर में पानी आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग, ड्रेनेज, छत की शीट, शौचालय, स्नान गृह और रसोई गृह में सुधार, बेडरूम, लिविंग रूम आदि में सुधार एवं विभिन्न सुविधाओं में सुधार, विद्युत कार्य के सहित। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,22,31,695/- **बयाना राशि:** ₹ 2,61,200/-

**3. निविदा क्रमांक:** C/56/NGP/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) ADEN-ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत KAV में 04 यूनिट टाइप-III स्टाफ क्वार्टर्स का कंस्ट्रक्शन, विद्युत काम सहित। (2) नागपुर मंडल: ADEN-ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत NITR, KAV, KP, SAL और CHCR में स्टाफ क्वार्टरों में जल आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग, ड्रेनेज, रूफ शीट्स, शौचालय, स्नानघर और रसोई में सुधार, बेडरूम और लिविंग रूम आदि की विभिन्न सुविधाओं में सुधार, विद्युत काम सहित। (3) नागपुर मंडल: NITR में मौजूदा स्वास्थ्य इकाई में सुधार जैसे रूफ शीट का प्रतिस्थापन, री-प्लास्टर, फ्लोरिंग, अतिरिक्त रेक का प्रावधान, फॉल्स सीलिंग डोर और विंडो ग्रिल आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,76,17,146/- **बयाना राशि:** ₹ 2,88,100/-

**4. निविदा क्रमांक:** C/57/NGP/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN, तुमसर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TRO में 02-इकाई टाइप-II क्वार्टर्स, PUNA में 03-इकाई टाइप-II क्वार्टर्स, BRD में 04-इकाई टाइप-II क्वार्टर्स और TRO में 01-इकाई टाइप-III क्वार्टर्स का निर्माण, विद्युत कार्य सहित। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,33,29,520/- **बयाना राशि:** ₹ 2,66,700/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **25.03.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।

उपरोक्त निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और सभी प्राप्त मैनुअल ऑफर्स को यथावत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

FL/79-344

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
नागपुर

भारत के राष्ट्रपति के लिए व उन की ओर से

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# चर्चा के लिए लाए गए अपने ही विषयों से न भागे विपक्ष

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी संसदीय परंपरा और बहस की संस्कृति रही है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि विचारों के टकराव, तर्क-वितर्क और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा का स्थान है। ऐसे में यदि संसद के भीतर उठाए गए विषयों पर ही राजनीतिक दल चर्चा से कतराने लगें, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंता का विषय बन जाता है। हाल ही में लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जो स्थिति बनी, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या राजनीतिक दल अपने ही उठाए मुद्दों पर बहस के लिए तैयार हैं। ऐसा है तो फिर वे चर्चा से क्यों भागते हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मुद्दा जब संसद की कार्यसूची में शामिल था, तब केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब प्रस्ताव लाया जाता है तो संसदीय नियमों के अनुसार उसके समर्थन में कम से कम 50 सांसदों का खड़ा होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि विपक्ष प्रस्ताव लाना चाहता है तो उस पर चर्चा की अनुमति दी जाएगी, तब विपक्ष को आगे आकर नियमों के अनुसार अपनी बात रखनी चाहिए थी। दरअसल, संसद में किसी भी प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव या स्थगन प्रस्ताव को लाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। यदि इन प्रक्रियाओं को दरकिनार कर केवल राजनीतिक शोर-शराबा किया जाए तो संसद की उपयोगिता कम हो जाती है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं है, बल्कि वह सरकार की नीतियों पर तार्किक और तथ्यात्मक सवाल उठाए तथा बहस के माध्यम से जनता के मुद्दों को सामने लाए। इस पूरे प्रकरण में यह आरोप लगाया गया कि विपक्ष ने जिस मुद्दे को खुद उठाया, उसी पर चर्चा से बचने की कोशिश की और बीच में अन्य प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यदि यह सच है, तो यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। संसद में बहस से भागना न तो सरकार के लिए उचित है और न ही विपक्ष के लिए। लोकतंत्र में बहस ही वह माध्यम है जिसके जरिए जनता तक सच्चाई और तर्क दोनों पहुंचते हैं। संसद की कार्यवाही तय करने में बीएसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही समिति विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए समय और प्रक्रिया निर्धारित करती है। यदि कोई विषय कार्यसूची में शामिल हो चुका है, तो उस पर चर्चा से पीछे हटना या व्यवधान पैदा करना संसदीय प्रक्रिया की गंभीरता को कम करता है। यह भी सच है कि भारतीय संसद में पिछले कुछ वर्षों में व्यवधानों की संख्या बढ़ी है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयक और मुद्दे बिना पर्याप्त चर्चा के ही पारित या स्थगित हो जाते हैं। इससे लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता प्रभावित होती है। विपक्ष का काम सरकार को कठघरे में खड़ा करना है, लेकिन यह काम नारेबाजी या हंगामे से ज्यादा प्रभावी ढंग से बहस और तथ्यों के जरिए किया जा सकता है। वहीं सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। उसे विपक्ष की बात सुनने और उसे पर्याप्त समय देने की राजनीतिक उदारता दिखानी चाहिए। संसद तभी सार्थक बनती है जब वहां सत्ता और विपक्ष दोनों की आवाज सुनी जाए। यदि कोई पक्ष चर्चा से बचता है या दूसरा पक्ष चर्चा को टालता है, तो अंततः नुकसान लोकतंत्र का ही होता है। इसलिए आवश्यक है कि संसद को टकराव नहीं, बल्कि संवाद का मंच बनाया जाए।



# भारत में ऊर्जा संकट बढ़ा रहा युद्ध?

**ईरान-इजराइल-यूएस जंग**

प्रभात कुमार रॉय

**इजराइल-अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर ईरान के विरुद्ध शुरू हुई भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। हालांकि भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है, लेकिन भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही हो रहा है। भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल है। जो तकरीबन 35 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। अमेरिका के टैरिफ दबाव के कारण भारत ने रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत ने स्वीकार किया है तो हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।**

इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर 28 फरवरी को ईरान के विरुद्ध प्रारंभ की गई की भीषण जंग फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रही है। समस्त खाड़ी क्षेत्र पूर्ण रूप से इस विनाशकारी जंग की जद में आ चुका है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और ऐलान किया है कि रूस और चीन के मालवाहक जहाजों के अतिरिक्त अगर किसी भी अन्य देश का जहाज यहां निकलने की कोशिश करेगा तो उस पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत का तकरीबन 40 प्रतिशत तेल आयात होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से ही होता रहा है। भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। भारत सरकार का दावा है कि भारत में फिलहाल तेल और गैस की कोई किल्लत नहीं है। लेकिन होमुर्ज स्ट्रेट के आसपास चल रहे भयंकर युद्ध ने एकदम स्पष्ट कर दिया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा किसी तरह से एक संकरे होर्मुज स्ट्रेट पर निर्भर है। युद्ध के कारणवश भारत के लिए अत्यंत संकट पूर्ण घड़ी उपस्थित हो गई है, क्योंकि भारत के कुल आयातित कच्चे तेल का तकरीबन 40 प्रतिशत अर्थात प्रतिदिन 27 लाख बैरल कच्चा तेल होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से होकर आता है। भारत के लिए कच्चा तेल मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत आदि गल्फ देशों से आयातित किया जाता है। दुर्भाग्य से यदि युद्ध लंबा खिंच जाता है तो भारत के लिए बड़ी भारी दुश्वारियां उत्पन्न हो जाएंगी ,क्योंकि तेल के दामों में प्रति बैरल दस डॉलर की बढ़ोतरी भी होती है तो उसका पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर थोप दिया जाता है। आने वाले संकट के दौर में भारत में महंगाई की दर और अधिक बढ़ सकती है। प्राकृतिक गैस - एलएनजी के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता मुल्क कतर ने ईरान के निरंतर ड्रोन आक्रमणों के बाद बेहद खराब परिस्थितियों का हवाला देते हुए प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोकने का फैसला लिया है। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 3 करोड़ टन लिक्वेफाइड नेचुरल गैस - एलएनजी की 40 फ़ीसदी आपूर्ति कतर से भारत के लिए की जाती रही है। एलएनजी आयात करने वाली कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने भी अपने ग्राहकों गेल इंडिया और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को आपूर्ति रुकने की सूचना दे दी है। डोनाल्ड ट्रंप अनेक दफा यह ऐलान कर चुके हैं कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदा जा रहा है। इस तेल खरीद से यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में रूस को बेहद मदद मिल रही है। प्रेसिडेंट ट्रंप का भारत पर इल्जाम है कि रूस इस दौलत का इस्तेमाल करके यूक्रेन के विरुद्ध निरंतर जंग संचालित करता रहा है। भारत सरकार का कहना है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर रूस से तेल खरीदता रहा है और दुनिया के अन्य देश भी ऐसा ही करते रहे हैं। अमेरिका और भारत के मध्य रूस से तेल खरीदारी करने का सवाल एक बड़ा संगीन मुद्दा बन चुका है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आमद को निरंतर बनाए रखने की गरज से अमेरिका के वित्त मंत्री एस्कॉर्ट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि भारतीय रिफाइनरियों



को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की मुकम्मल छूट प्रदान कर दी गई है। अमेरिकन सरकार ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद कर दिया था। अतिरिक्त टैरिफ आयद करने के बाद भारत पर कुल 50 प्रतिशत अमेरिकन टैरिफ आयद कर दिया गया था, लेकिन अमेरिका से भारत की ट्रेड डील संपन्न हो जाने के पश्चात 50 फ़ीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फ़ीसदी कर दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरमाया था कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने का वादा किया गया है। अतः इसीलिए भारत के साथ ट्रेड डील अंजाम दी जा रही है और भारत पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि भारत सरकार ने कहा था कि देश के डेढ़ अरब नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों और सुरक्षा को अंजाम देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। भारत में तेल रिफाइनरी कंपनियं रूस से आयातित कच्चे तेल को रिफाइन करके कई देशों को निर्यात भी करती रही हैं। मैरिटाइम इंटेलिजेंस कंपनी केप्लर ने बताया है कि भारत के पास रिफाइनरी और कमर्शियल स्टोरेज में तकरीबन 10 करोड़ बैरल कच्चा तेल विद्यमान है। इसमें से तकरीबन 90 फ़ीसदी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जो कि भारत के लिए तकरीबन 35 दिनों की जरूरतों को है पूरा कर सकता है। अनेक अंतरराष्ट्रीय विवेचकों की राय है कि ईरान विरुद्ध अमेरिकी-इजरायल युद्ध वस्तुतः यूक्रेन-रूस जंग की तरह लंबे काल तक नहीं चल सकता है। लेकिन इस युद्ध के 15 दिनों से अधिक खिंच जाने पर भारत पर ऊर्जा संकट का गंभीर असर पड़ सकता है। इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त तौर पर सैन्य ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ईरान पर विनाशकारी आक्रमण अंजाम दिया गया। खास तौर पर ध्यान केंद्रित योग्य तथ्य है कि विगत कुछ वर्षों के दौर में चीन की साम्यवादी हुकूमत द्वारा अरबों-खरबों बिलियन डॉलर खर्च करने के बाद ईरान में आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण करने की खातिर की भारी बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। पहले डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा वैनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के अपहरण को अंजाम दिया गया और वैनेजुएला की राजसत्ता और तेल को अपने काबू में करने के बाद ट्रंप साहब द्वारा ईरान में अपनी पसंद की हुकूमत कायम करने के लिए ईरान पर सैन्य आक्रमण अंजाम दिया गया। सर्वविदित है कि विश्व पटल पर अमेरिका और चीन दो सबसे शक्तिशाली सैन्य ध्रुव हैं। रूस भी वस्तुतः यूक्रेन युद्ध चीन की जबरदस्त सैन्य इमदाद के दमखम ही पर लड़ता रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह अनुमान एकदम गलत सिद्ध हुआ कि ईरान के शीर्ष नेतृत्व को हलाक करके वह ईरान में यथाशीघ्र सत्ता परिवर्तन अंजाम दे देंगे। ईरान की फौज के प्रबल प्रतिरोध को देखते हुए ईरान बनाम अमेरिका इजरायल जंग लंबी भी खिंच सकती है। फिर तो भारत को जबरदस्त तौर पर तेल संकट का सामना करना पड़ेगा। रूसी तेल की प्रबल आपूर्ति के कारण चीन को संभवत तेल आपूर्ति संकट का अधिक सामना नहीं करना पड़ेगा। अमेरिका के टैरिफ कूटनीतिक दबाव के कारण भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा आधी से भी कम कर दी गई है। किंतु भारत-अमेरिकी व्यापार डील की रूस विरोधी शर्तों को यदि भारत द्वारा स्वीकार किया जाता है तो फिर हम ऊर्जा संकट से कदाचित नहीं बच सकेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सेंट्रल डेस्क




# देश की आर्थिक सेहत बिगाड़ सकता है तेल

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को तेज उछाल के कारण भारतीय वित्तीय बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। ईरान से जुड़े बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने निवेशकों में चिंता बढ़ा दी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय मुद्रा और शेयर बाजार दोनों पर दबाव पड़ा। भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.33 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप के बावजूद इसमें कमजोरी बनी रही। इसी दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3% तक गिर गए, हालांकि बाद में इनमें थोड़ी रिकवरी देखी गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 25% से अधिक बढ़कर लगभग 117 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से ही तेल की कीमतों में कुल मिलाकर 50% से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी कुल तेल जरूरत का लगभग 89% आयात करता है, यह स्थिति आर्थिक रूप से बेहद संवेदनशील है। तेल महंगा होने से आयात बिल बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यदि यह भू-राजनीतिक संकट लंबा खिंचता है, तो इसका असर केवल वित्तीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आर्थिक विकास, सरकारी वित्त और कॉरपोरेट आय पर भी पड़ सकता है।

इस संकट का एक बड़ा पहलू हॉर्मुज जलडमरूमध्य है, जो वैश्विक तेल व्यापार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। भारत का लगभग 2.6 मिलियन बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस मार्ग में कोई बाधा आती है, तो भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। कुछ विशेषज्ञों ने इससे भी खराब स्थिति की चेतावनी दी है। कतर के ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि यदि संघर्ष और बढ़ता है और खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है, तो तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर भारतीय रुपये पर भी पड़ा है। तेल महंगा होने पर भारत को आयात के लिए अधिक डॉलर की आवश्यकता होती है, जिससे विदेशी मुद्रा की मांग बढ़ जाती है। साथ ही वैश्विक अनिश्चितता के समय निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों, विशेषकर अमेरिकी डॉलर की ओर रुख करते हैं। इन दोनों कारणों से रुपये पर दोहरा दबाव बना है। आरबीआई द्वारा डॉलर बेचकर बाजार को स्थिर करने की कोशिश के बावजूद आयातकों और निवेशकों की मांग के कारण रुपये में कमजोरी बनी रही।

भारतीय शेयर बाजारों में आई गिरावट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल के महीनों में कंपनियों के वित्तीय परिणाम बेहतर हो रहे थे। कई कंपनियों ने लगातार कई तिमाहियों में दो अंकों की लाभ वृद्धि दर्ज की थी और विश्लेषकों का अनुमान था कि वित्त वर्ष 2025 से 2027 के बीच निफ्टी कंपनियों की आय लगभग 12% की दर से बढ़ सकती है। लेकिन तेल की कीमतों में उछाल इस सकारात्मक रुझान को प्रभावित कर सकता है। ऊर्जा महंगी होने से विमानन, परिवहन, रसायन, विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां यह अतिरिक्त लागत उपभोक्ताओं पर नहीं डाल पातीं, तो उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है। साथ ही, ईंधन महंगा होने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है, जिससे मांग भी कमजोर पड़ सकती है। हालांकि इन जोखिमों के बावजूद नीति-निर्माताओं का कहना है कि भारत पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में है। वर्तमान में देश के पास 250 मिलियन बैरल से अधिक का कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जो मैंगलोर, पडुर और विशाखापत्तनम जैसे रणनीतिक भंडारण केंद्रों में रखा है। इसके अलावा, भारत ने पिछले दशक में तेल आयात के स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर लगभग 40 देशों तक विविधीकृत किया है, जिनमें रूस, पश्चिम अफ्रीका व अमेरिका भी शामिल हैं।

कुल मिलाकर, भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेतक अभी भी अपेक्षाकृत मजबूत हैं—जैसे नियंत्रित महंगाई, स्थिर आर्थिक वृद्धि, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और संतुलित राजकोषीय स्थिति। फिर भी, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और ऊंची तेल कीमतें बाहरी जोखिम पैदा कर रही हैं। यदि यह संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो रुपये, वित्तीय बाजारों और महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। इसलिए भारत की आर्थिक स्थिति काफी हद तक वैश्विक ऊर्जा बाजारों और खाड़ी क्षेत्र की स्थिरता पर निर्भर बनी हुई है।

# ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत




संकलित

## दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## सटाका




## आज की पाती

### हंगामे और गतिरोध की संसद

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद को सर्वोच्च मंच माना जाता है, जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि देश की नीतियों, समस्याओं और भविष्य की दिशा पर गंभीर चर्चा करते हैं। किंतु दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद की कार्यवाही बार-बार हंगामे और गतिरोध की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के प्रारंभ से पहले ही जिस तरह हंगामे की आशंका व्यक्त की जा रही है, वह लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए चिंताजनक संकेत है। विपक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर तीखी बहस होना स्वाभाविक है, क्योंकि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार विपक्ष को प्राप्त है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि वर्तमान परिस्थितियों में यह प्रस्ताव संख्या बल के आधार पर पारित होने की स्थिति में नहीं है।

*- विवेक बैनर्जी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बहस से भाग रही कांग्रेस



यह बहुत बुरा है कि कांग्रेस बहस से भाग रही है। स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन के लिए कांग्रेस के कहने पर एक नोटिस एडमिट किया गया था, जिसे उन्होंने ठीक से ड्राफ्ट भी नहीं किया था। इसे ठीक किया गया और फिर एडमिट किया गया। आज की तारीख तय की गई थी। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को हंगामे की आदत



विपक्ष को हंगामा करने की आदत है। वे काम नहीं करना चाहते। आज लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, लेकिन उन्होंने यूएस-इजराइल बनाम ईरान विवाद पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा, विवाद पर भारत का रुख साफ है।

**-रामदास अठावले,** केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष को भरोसे में ले सरकार



हमें वेस्ट एशिया में युद्ध के हालात और फ्यूल की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर चर्चा करने की जरूरत है। यह पार्टी का मामला नहीं है। सरकार को विपक्ष को भी भरोसे में लेना होगा। देश में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस पर सरकार अपना रुख स्पष्ट करे।

**-केसी वेणुगोपाल,** सांसद, कांग्रेस

### विदेश नीति पर चर्चा जरूरी




अमेरिका यह तय कर रहा है कि हमें किससे तेल खरीदना चाहिए। भारत की विदेश नीति पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। सरकार को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। अमेरिका कौन होता है जो भारत को बताए कि आपको क्या करना है, क्या नहीं।

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# बर्फ की चट्टान टूटने से फंसे 23 लोगों को बचाया गया

कनाडा के दक्षिण-पश्चिमी ओंटारियो स्थित जॉर्जियन बे के तट से बर्फ की चट्टान टूटकर बह जाने के बाद उस पर फंसे 23 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ओंटारियो प्रांतीय पुलिस के अनुसार बर्फ का बड़ा टुकड़ा तट से अलग होकर एक मील से अधिक दूरी तक बह गया और कई हिस्सों में टूट गया, जिससे कुछ लोग बर्फीले पानी में आंशिक रूप से डूब गए। ग्रे-ब्रूस इकाई के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रविवार दोपहर कई लोगों के बर्फ पर फंसने की सूचना मिली थी। मदद के लिए पुलिस के विमानन और समुद्री इकाइयों के साथ-साथ जॉर्जियन ट्रायंगल के आसपास स्थित काउंटी के अग्निशमन विभागों के कर्मियों को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि 'कॉबल बीच गोल्फ कोर्स' ने विमानन इकाइयों और प्राथमिक उपचार व्यवस्था के लिए अपनी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। अधिकारियों के अनुसार दोपहर तक सभी लोगों को सुरक्षित रूप से हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर वापस लाया गया। उनमें से कुछ मामूली रूप से जख्मी हो गये।



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी



ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)

पिन कोड-482002

ई-मेल : edit@haribhoomi.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विंध्य को रफ्तार देगा एनएच-39, सीधी-सिंगरौली 105 किमी फोरलेन का काम अप्रैल से, 3 आरओबी, 3 बड़े पुल, 11 अंडरपास बनेंगे, विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विंध्य क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलने जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के सीधी-सिंगरौली खंड के 105 किलोमीटर चार लेन निर्माण के शेष कार्य का अवॉर्ड जारी कर दिया है।

इस परियोजना का निर्माण कार्य अप्रैल 2026 से शुरू किए जाने की योजना है। इस परियोजना के पूरा होने से सीधी और सिंगरौली के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा और पूरे विंध्य क्षेत्र में आवागमन अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा। लंबे समय से इस मार्ग के उन्नयन की मांग की जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है।



परियोजना के तहत इस मार्ग को आधुनिक मानकों के अनुरूप चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान कई महत्वपूर्ण संरचनाएं भी तैयार की जाएंगी। परियोजना में 3 रेलवे ओवर ब्रिज, 1 रेलवे अंडर ब्रिज, 3 मेजर ब्रिज और 33 माइनर ब्रिज बनाए जाएंगे। इसके अलावा 11 व्हीकुलर अंडरपास और 1 पैदल अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। सड़क के साथ 85 बॉक्स कलवर्ट और 165 पाइप कलवर्ट भी बनाए जाएंगे, जिससे बारिश के समय जल निकासी की समस्या नहीं होगी। इसके अलावा जंक्शन सुधार, सर्विस रोड और सड़क किनारे ड्रेनेज जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

### संकरी सड़क और कमजोर ढांचे से होती थी परेशानी

अब तक सीधी और सिंगरौली के बीच का यह मार्ग कई स्थानों पर संकरा और अवसंरचनात्मक रूप से कमजोर रहा है। पर्याप्त पुल और अंडरपास नहीं होने के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नई परियोजना में इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किया गया है। चार लेन सड़क, आधुनिक पुल, अंडरपास और बेहतर जंक्शन व्यवस्था से इस मार्ग पर यात्रा पहले की तुलना में काफी सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।

### यूपी के प्रमुख शहरों से बढ़ेगा संपर्क

इस राजमार्ग के विकसित होने से मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र की उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। सड़क बेहतर होने के बाद सीधी और सिंगरौली क्षेत्र का संपर्क प्रयागराज, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों से बेहतर हो जाएगा। इससे दोनों राज्यों के बीच लोगों की आवाजाही के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### ऊर्जा राजधानी को मिलेगा फायदा

*सिंगरौली देश के प्रमुख ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल है। यहां कई बड़ी बिजली परियोजनाएं और उद्योग संचालित हैं। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से भारी वाहनों और लॉजिस्टिक्स की आवाजाही आसान होगी, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।*

---

### करीलाधाम देश का एकमात्र ऐसा विख्यात धार्मिक स्थल जहां अपने दोनों पुत्रों के साथ विराजमान हैं माता सीता

# करीला धाम के संपूर्ण विकास की बनाई जाएगी योजना रंगपंचमी मेला महोत्सव में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अशोकनगर जिले का करीला धाम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अदभुत संगम है। इस पावन स्थल पर माता सीता अपने दोनों पुत्र लव-कुश के साथ विराजमान हैं। यह देश का एक मात्र अद्वितीय मंदिर है, जहां माता सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ पूजी जाती हैं। देश के अधिकांश मंदिर भगवान श्रीराम को समर्पित हैं। करीला धाम लव-कुश की जन्म-स्थली भी है, जो लव-कुश की बाल लीलाओं की साक्षी है। इस पवित्र स्थली के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को अशोकनगर जिले के करीलाधाम में रंगपंचमी मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने करीलाधाम में माता जानकी के दर्शन भी किए और जिले को 115 करोड़ रुपए लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात भी दी। इसमें 57 करोड़ 3 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 करोड़ 32 लाख की लागत के 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं संग खेली फूलों की होली, की खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री ने करीला धाम पहुंचकर अशोकनगर जिले को दी 115.35 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



करीलाधाम में उद्बोधन देते सीएम और मौजूद श्रद्धालुगण।

### नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता सीता धैर्य, साहस और आत्म-सम्मान का प्रतीक हैं। जब हम नारी शक्ति की बात करते हैं तो माता सीता का ध्यान आता है। माता सीता ने यह संदेश दिया कि नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का भी विशेष स्नेह मिला है। यहां चित्रकूट में उन्होंने वनवास काल के 11 वर्ष बिताए। मप्र सरकार राम वन गमन वथ विकसित कर रही है। जहां-जहां भगवान श्रीराम के श्रीचरण पड़े हैं, उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### सीता माता एवं लव-कुश की जुड़ती है कहानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करीला धाम में आस्था के साथ श्रद्धालु माता जानकी के दर्शन करने आते हैं। माता जानकी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। माता सीता शक्ति एवं पराक्रम की देवी हैं, उनका प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि वाल्मीकि, सीता माता एवं लव-कुश की कहानी जुड़ती है।

### हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रदेश सरकार प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि प्रदान कर रही है। महिलाओं को विभिन्न विभागों में आरक्षण देकर उच्च पदों पर नियुक्ति दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। किसानों के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 6-6 हजार रुपए की राशि किसान सम्मन निधि के रूप में दी जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित



महिलाओं को सम्मानित करते सीएम।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की सात महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमिता सेठी, धार्मिक क्षेत्र में नैना शर्मा, खेल के क्षेत्र में पूनम रघुवंशी, पर्यावरण के क्षेत्र में विनीता साहू, स्वयंसिद्धा के क्षेत्र में गायत्री शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में छाया बैस तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कुलविंदर कौर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### जानकी मंदिर में सीएम ने सपत्नीक की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

» ***मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया***

» ***धाम तीर्थ के विकास की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश***



पत्नी संग सीएम डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीला धाम में जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री ने ग्राम दीपनाखेड़ा से करीला धाम तक 10 किमी की सड़क स्वीकृत किये जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने करीला धाम तीर्थ के संपूर्ण विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से संवाद भी किया।

---

# विस की 4 समितियों के सभापति नियुक्त, लोक लेखा समिति की कमान भंवर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा की चार महत्वपूर्ण समितियों में सभापतियों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। विधानसभा सचिवालय ने समितियों के गठन और सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए इन समितियों के गठन और उनके सभापतियों के निर्वाचन की घोषणा की थी। तय प्रक्रिया के तहत सदस्यों का चयन किया गया और सभी सभापति निर्विरोध चुने गए। सबसे अहम मानी जाने वाली लोक लेखा समिति की कमान कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत को सौंपी गई है। यह समिति सरकारी विभागों के खर्च और वित्तीय अनुशासन की जांच करने वाली विधानसभा की प्रमुख समितियों में शामिल है।

समिति में जयंता मल्लैया, मीना सिंह मांडे, ओमप्रकाश धुर्वे, नागेंद्र गुड़, उपा बाबू सिंह ठाकुर, रामेश्वर शर्मा, रीति पाठक, योगेश पंडाग्रे, संजय उइके और दिनेश जैन को सदस्य बनाया गया है। सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का सभापति अर्चना चिटनीस को बनाया गया है। यह समिति राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज और वित्तीय स्थिति की समीक्षा करती है। समिति में कुंवर सिंह टेकाम, अशोक रोहाणी, बृजेंद्र सिंह यादव, दिलीप सिंह परिहार, देवेंद्र कुमार जैन, गायत्रीराजे पवार, सुशील कुमार तिवारी, फूलसिंह बरैया, नितेंद्र सिंह राठौर और केशव देसाई को सदस्य नियुक्त किया गया है। प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी अजय विश्नोई को दी गई है।

यह समिति विभिन्न विभागों के अनुमानित व्यय और योजनाओं की समीक्षा करती है। समिति में शैलेन्द्र जैन, मेघा मेंडोला, हरिशंकर खटीक, दिव्यराज सिंह, नीना वर्मा, सुदेश राय, आशीष शर्मा, नारायण सिंह पट्टा, राजेंद्र भारती और देवेंद्र सबवार को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति का सभापति राजेंद्र को नियुक्त किया गया है। यह समिति नगरीय निकायों और पंचायतों के वित्तीय कार्यों की समीक्षा करती है। समिति में बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मालिनी गौड़, कमलेश प्रताप शाह, ललिता यादव, विष्णु खत्री, प्रदीप अग्रवाल, अभय मिश्रा, डॉ. सतीश सिक्का और सतीश मालवीय को सदस्य बनाया गया है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार चारों समितियों का कार्यकाल वर्ष 2026-27 तक रहेगा और ये समितियां विभिन्न विभागों के वित्तीय प्रबंधन, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी उपक्रमों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी।

---

### यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता पर सीएम ने दी बधाई

सीमित संसाधनों में मेहनत और लगन के दम पर मिली सफलता

# देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना संघर्षशील युवाओं के लिए प्रेरणादायी: मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के छोटे से ग्राम गुदमा के युवा अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 816वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे बस्तर संभाग और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और दूरस्थ क्षेत्र में रहते हुए अंकित ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इरादों के सामने परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं।



### अंकित ने युवाओं के लिए पेश की मिसाल

अंकित की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे और उनके माता-पिता से बातचीत कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी अंचल के छोटे से गांव गुदमा से निकलकर यूपीएससी जैसी देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि अंकित की सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए एक मिसाल है और यह दिखाती है कि कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### अंकित ने सफलता से जुड़ी जिज्ञासाएं साझा कीं

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने अंकित से पढ़ाई और सफलता से जुड़ी कई जिज्ञासाएं साझा कीं। अंकित ने बताया कि उन्होंने जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई बेमेतरा के अलायंस स्कूल में की। इसके बाद उन्होंने भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने यह भी बताया कि यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें युवा कैरियर योजना के तहत एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई, जिससे उनकी तैयारी को और मजबूती मिली।

### अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा समर्पित रहें

अंकित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी युवाओं को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अंकित के माता-पिता जमुना सकनी और सकनी चंद्रैया ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें अपने बेटे की उपलब्धि पर गर्व है। अंकित सकनी की यह सफलता न केवल बीजापुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनके संघर्ष और उपलब्धि की कहानी यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो तो दूरस्थ गांव से निकलकर भी देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की जा सकती है।

### कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने किया सम्मान

बीजापुर स्थित सेन्ट्रल लाईब्रेरी में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने अंकित सकनी का सम्मान किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि अंकित की सफलता बीजापुर जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि अंकित की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने भी अंकित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

### मवेशियों को जंगल के रास्ते तेलंगाना ले जा रहे थे तस्कर

# पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई आरोपियों से 171 मवेशी किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के भोपालपटनम थाना पुलिस ने कृषक पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 171 मवेशियों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया है। इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये तस्कर जंगल के रास्ते मवेशियों को तेलंगाना राज्य ले जा रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उल्लूर घाटी चिल्लामरका के जंगल मार्ग से गाय, बैल और बछड़े ले जाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही भोपालपटनम थाना टीम ने मौके पर घेराबंदी की।



कार्रवाई के दौरान मवेशियों को ले जाते हुए नौ आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस जांच में आरोपियों के पास पशुओं के स्वामित्व या परिवहन के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में कुल 171 कृषिक पशु बरामद किए गए। इनमें गाय, बैल और बछड़े शामिल थे। बरामद सभी मवेशियों को नगर पंचायत भोपालपटनम के गौठान में सुरक्षित रखा गया है।

### देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले सभी आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में थिपनपल्ली संजीव, हटकर राजू और कटकुरी मजनू तेलंगाना के निवासी हैं। विनोद नारायण झाड़े, व्यक्ति गोडया दुर्गे, व्यक्ति राजीग्या दुर्गे, प्रवीण शंकर दुर्गे और अक्षय अजमेरा महाराष्ट्र के हैं। अशोक गुगलेम बीजापुर, छत्तीसगढ़ का निवासी है। कुल तीन आरोपी तेलंगाना से, पांच महाराष्ट्र से और एक बीजापुर छत्तीसगढ़ से हैं। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धाराओं को भी इसमें शामिल किया गया है। पुलिस ने सभी नौ आरोपियों को न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया है। यह कार्रवाई कृषिक पशु तस्करी रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीआरएम कार्यालय में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

# रेलवे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी : तलरेजा




**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में सोमवार को महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मंडल कार्मिक अधिकारी (स्वतंत्र प्रभार) वरुण चतुर्वेदी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा का सेपलिंग भेंट कर स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने भारतीय रेल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, उनकी कर्त्तव्यपरायणता, कार्यकुशलता तथा समाज एवं संगठन के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं और भारतीय रेलवे में भी उनकी भूमिका निरंतर सशक्त होती जा रही है।

इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी तथा सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) सचिपति नंदन ने भी उपस्थित महिला कर्मचारियों को संबोधित किया तथा उनके योगदान की सराहना की। संगोष्ठी में मंडल के विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए जबलपुर मंडल के विभिन्न विभागों की 33 महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीबीटी सेंटर में आईटी से संबंधित एक कार्यशाला तथा क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में 4 घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर और हनुमानताल थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो मामलें प्रकाश में आए हैं। इस घटना में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरनु तिराहा निवासी 32 वर्षीय ईशु कोल, शंभू, विजय, देवांश के साथ धमकी खदान में मजदूरी करने गए थे जहां से काम करके शाम लगभग 4.30 बजे बेला तिराहा से बरनू तिराहा पैदल आ रहे थे तभी अगरिया तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड सी 6563 के चालक ने शंभू, विजय अहिरवार एवं देवांश को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गईं। भीड़ लगने से कार चालक गोसलपुर तरफ भाग गया। ईशु ने तीनों घायलों को उपचार हेतु गोसलपुर लेकर गये जहां विजय अहिरवार को ज्यादा चोट होने से उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इसी तरह हनुमानताल में चांदनी चौक मोतीनाला निवासी 25 वर्षीय कबाड़ी मोहम्मद अफजल गत शाम लगभग 4 बजे अपने घर से चेतक स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 3916 से प्रेमसागर जा रहा था जैसे ही वह भानतलैया कल्लन के कबाड़ खाने के सामने पहुँचा ।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह संपन्न



**जबलपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह विगत दिवस स्थानीय कान्यकुब्ज सभा भवन में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथिगणों ने माँ वीणा पाणी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कामतानाथ स्वामी म्यूजिकल ग्रुप के भक्ति गीत, होली गीत एवं हास्य गीतों की प्रस्तुति के साथ ही श्रीमती प्रीति मिश्रा, दुर्गेश गर्ग, राज भट्ट, महेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रशांत पाठक, योगेश उपाध्याय, विवेक त्रिपाठी, रवि शुक्ला ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से जनमानस का मन मोहा। कार्यक्रम की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. आशा पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी वर्ष होली पर्व समस्त ब्राह्मण संगठनों द्वारा भव्यता के साथ सामूहिक रूप से मनाए जाने का आव्हान किया। इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी, फूलों की होली के साथ सभी ने होली गीतों के बीच अल्पाहार का आनंद उठाया। भव्य होली मिलन समारोह में कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के पदाधिकारीयों के साथ सभी ब्राम्हण संगठनों के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरजा बाजपेई, मुन्नालाल दुबे, डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. एचपी तिवारी, के.के शुक्ला, कीर्ति अभिलाष पाण्डेय, महेश स्थापक, वीरेंद्र तिवारी, अतुल बाजपेई, राम दुबे, सुशील शुक्ला, राजेश पाठक प्रवीण, एडवोकेट देवेंद्र शर्मा, आशीष त्रिवेदी के साथ ही महिला प्रकोष्ठ की सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विवेक त्रिपाठी ने किया तथा आभार प्रदर्शन पंडित संतोष मिश्रा ने किया।

**खबर संक्षेप**

### सराफा एसोसिएशन की कार्यशाला आज

**जबलपुर।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर का होली मिलन समारोह एवं कार्यशाला आज 10 मार्च को सुबह 10 बजे से जिलहरी घाट में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में अपने व्यापार को कैसे बढ़ना है स्टाक, भाव बड़े,घटे,उसको कैसे मैनेज करना है,गिरवी, उधारी, बिल, अकाउंटिंग, बारकोड मैनेजमेंट, ऑनलाइन व्यापार *इन सभी परेशानियों का हल क्या हे सभी व्यापारियों को समझाने के लिए नागपुर से एक्सपर्ट आ रहे हैं। इस कार्यक्रम मे अतिथि राकेश सिंह लोक निर्माण केबिनेट मंत्री म प्र शासन, अभिलाष पांडे विधायक उत्तर मध्य, जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, रवि गुप्ता अध्यक्ष महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स रहेंगे। कार्यक्रम में पहुंचने की अपील सराफा एसोसिएशन जबलपुर* कार्यकारी अध्यक्ष नवीन सराफ (बंटी) म.प्र.सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सराफ,सचिव अमित अग्रवाल (अन्नू) कोषाध्यक्ष ओम सोनी उपाध्यक्ष महेंद्र ओसवाल (मीनू) सह मंत्री के.के. सुहाने विवेक अग्रवाल आदि ने की है।

### साहू समाज 16 मार्च को मनाएगा माँ कर्मादेवी जयंती

**जबलपुर।** श्री माँ कर्मा साहू युवा संस्था द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी का 1010वां जन्मोत्सव 16 मार्च को शाम 06 बजे से मानस भवन राइट टाउन में मनाया जाएगा। इस संबंध में संस्था कार्यालय गंजीपुरा में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था अध्यक्ष दीपक साहू एवं समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माँ कर्मा जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित संस्था अध्यक्ष दीपक साहू, अनिल साहू, सुनील साहू सरजू, धीरज, सतीश, सुधीर, प्रकाश, लखनलाल, राजकुमार, गगन, कमल, मनीष, प्रशांत साहू एवं अन्य ने माँ कर्मा जयंती कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### डॉ. आम्बेडकर जनसेवा मंच का होली मिलन संपन्न

**जबलपुर।** डॉ बाबा साहब आम्बेडकर जनसेवा मंच के सलाहकार मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 08 मार्च को महिला प्रकोष्ठ की रामकली चौधरी के निवास लालकुंआ पोलीपाथर में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मेहरा समाज महासंघ ने महिला दिवस और रंगपंचमी उत्सव मनाया




**जबलपुर।** मेहरा समाज महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी के अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष अंजू अशोक देहरिया के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने मातृशक्ति की गरिमा, समाज और राष्ट्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिलाओं की भूमिका तथा उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का उत्सव विशेष इसलिए था क्योंकि एक ही अवसर पर रंगपंचमी का आनंद भी मनाया गया। उपस्थित मातृशक्तियों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग-बिरंगे उत्साह का माहौल बनाया। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष अंजू अशोक देहरिया के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान एनके दास, तारा दास, मणि मेहरा, हेमलता मेहरा, मेनका डेहरिया, विशाखा झारिया, रंजना हनोतिया, रानी, अनीता सहित राष्ट्रीय, प्रांतीय और जिला स्तर की मातृशक्तियाँ उपस्थित रहीं।

# यादव महासभा होली मिलन कार्यक्रम में हुई रंगों की बौछार

## फाग गीतों और सामूहिक उत्साह के साथ मनाया रंग पंचमी



**जबलपुर।** रंग पंचमी के पावन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, जबलपुर द्वारा काशी प्लाजा मार्केट, पुरैना मार्ग खजरी खिरिया बाईपास में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें यादव समाज के वरिष्ठ श्यामलाल यादव, खलीफा दादा, पूर्व सरपंच गुलाब यादव, सीताराम यादव, रामसेवक यादव और नरेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष विजय यादव और जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़डा ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं का गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में फाग मंडली कवि उत्तम दास बैरागी ने अपनी प्रस्तुति दी और फाग राही गीतों से उपस्थित जनता झूम उठी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थित सदस्यों में कालूराम यादव, उदल सिंह यादव, डेलन यादव, भद्दी यादव, विनय यादव, सतीश यादव बड़डा, शिव यादव, सुखलाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य मोहन यादव, पूर्व सरपंच राकेश यादव, मुंगेली संजय यादव, रामकुमार यादव पार्षद, शक्ति राज यादव, महिला अध्यक्ष सविता यादव, कंचन यादव, कविता यादव, कृष्ण कुमार यादव, सरपंच पाटन प्रकाश यादव, दीपक यादव, उमा यादव, इंदल यादव, सुशील यादव, गुड्डू यादव, अर्जुन यादव, देवेंद्र यादव गोसलपुर, पुष्पेंद्र यादव, अभिषेक यादव, राहुल यादव आदि शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में कंचनपुर पार्षद ऋषि यादव के अनुज के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सामूहिक उत्साह, रंगों की बौछार और फाग गीतों ने हर किसी का मन मोह लिया।

# महिलाओं की भागीदारी के बिना कृषि का समग्र विकास संभव नहीं : कुलपति

## जनेकृविवि में महिला दिवस पर कृषि में महिलाओं के सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "कृषि विस्तार प्रणाली (केवीके) के माध्यम से कृषि में कार्यरत महिलाओं के सशक्तिकरण की रणनीतियां" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा रहे, जबकि अध्यक्षता संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा ने की। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना कृषि क्षेत्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि केवीके ग्रामीण महिलाओं तक नई कृषि तकनीकों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि विस्तार प्रणाली के माध्यम से कृषि में कार्यरत महिलाओं (फार्म वूमेन) को सशक्त बनाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा करना और अनुभव साझा करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास और आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, कृषि आधारित उद्यमिता और कृषि विस्तार सेवाओं के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस पहल करने पर बल दिया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, आईसीएआर अटारी जोन-9 के निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह, अधिष्ठाता कृषि उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन तथा डॉ. नेहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञों और अन्य प्रतिभागियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



## मिलन आयोजन विद्वेष के विनाशक: अरुणकान्त अग्रवाल

**जबलपुर।** शेखावाटी अग्रवाल समाज, जबलपुर द्वारा अध्यक्ष पवन बगड़ोदिया तथा सचिव-द्वय सौरभ सेक्सरिया व भरत बजाज के प्रयास से समाज के होली मिलन का आयोजन किया गया। संरक्षक अरुणकान्त अग्रवाल ने व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन बहुत सार्थक होते हैं। मैत्री वृद्धि के साथ-साथ आपसी वैमनस्यता भी समाप्त हो जाती है। परिवारजन को आपस में मिलने का अवसर प्राप्त होता है और विचारों का आदान-प्रदान होने से जन सेवा करना भी सम्भव हो पाता है। आपने परंपरा का निर्वहन करते हुए वरिष्ठ सदस्यों के लिए काव्यात्मक शैली में 'होली टाइटल' प्रस्तुत किए।

समाज के सदस्य सीए सतीश पोद्दार व सीए अनिल अग्रवाल ने आर्थिक पेचीदियों से अवगत कराया। कार्यक्रम को मनोरंजकता प्रदान करते हुए कुसुम अग्रवाल, रेणु बगड़ोदिया व एकता सेक्सरिया ने गेम्स खिलाए तथा उपहार वितरित किए। संरक्षक पुरुषोत्तम पोद्दार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को सार्थकता प्रदान करने हेतु महिलाओं के उत्साह की सराहना की।



## रंग पंचमी पर खेली फूलों की होली

### भजन एवं फाग का किया आयोजन

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जय श्री स्वर्ण शिव शम्मत हनुमान मंदिर रामपुर छापर में रंग पंचमी एवं महिला दिवस के अवसर पर फूलों की होली एवं फाग गीतों का आयोजन पूर्व पार्षद ठाणेश्वर महावर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सुंदर लाल तिवारी, वीरेन्द्र रैकवार, राकेश चौधरी, अमर चन्द्र, शिव पाठक, छोटे लाल प्रजापान, अनिल कनौजिया, मनाथ सोनवानी, राजेश चौबे, दया शंकर चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, मोहित सिगरौले, देवलाल, प्रेमलाल, देशराम कनौजिया, पुष्पा महावर, संध्या पटेल, अमन पटेल, बांध्या पटेल, शशि सिगरौले, अंजू निवारी, मंजू चौबे आदि उपस्थित थे।

# वैश्य समाज ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**जबलपुर।** समदड़िया इन रसल चौक में सीनियार वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह 08 मार्च को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी ने दीप प्रज्जवलित कर की। फूलों की होली एवं अन्य कार्यक्रम से माहौल उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सभी को एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मनोज गुप्ता, एडवोकेट सुनील गुप्ता, एडवोकेट मनीष गुप्ता, एडवोकेट प्रीति गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं आर्मी नंबर 10390498A रैंक EX-HAV नाम धर्मेन्द्र कुमार पिता स्व. राम सुमेरी निवासी 01, इंद्र लोक के पास, पटेल नगर रोड, श्रीधाम कालोनी महाराजपुर, न्यू वार्ड नंबर 75, अधारताल, जबलपुर मप्र आधार कार्ड क्रमांक - 4965 6541 2992 पर निवास करता हूँ। मुझ शपथकर्ता के पी पी ओ जिसका क्रमांक 202201800442 एवं मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश BHUPTI SEN दर्ज हो गया है जो कि गलत व असत्य नाम है जबकि मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम BHUPATI SEN है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक - 34407879 3106 में दर्ज है मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम BHUPATI SEN को मेरे पी पी ओ जिसका क्रमांक 202201800442 एवं मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में दर्ज करे शपथ पत्र दिनांक- 09/03/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय जबलपुर मप्र

सही नाम - BHUPATI SEN
गलत नाम - BHUPTI SEN

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/257
दिनांक:- 09/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जिनेश कुमार जैन पिता श्री नन्हेलाल जैन ने मकान नं. 259/7 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 640 व.फु. प्रथम तल 640 व.फु., द्वितीय तल 640 व.फु. तृतीय तल 640 व.फु.रिलीजडीड पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने लाड़ली बसेरा की बालिकाओं संग मनाया महिला दिवस

### बालिकाओं को स्टेशनरी, पानी की बोतल व डेंटल किट भेंट कर शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए किया प्रोत्साहित




**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, यूनिट जबलपुर द्वारा सेवा भारती के "लाड़ली बसेरा" बालिका गृह में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन एसोसिएशन के महासचिव के. रवि कुमार, उपसभापति संजय गोयल तथा उपाध्यक्ष के.के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को दैनिक उपयोग और शिक्षा से संबंधित सामग्री जैसे लेखन व स्टेशनरी सामग्री, स्टील की पानी की बोतलें और डेंटल किट वितरित की गईं। साथ ही सभी बच्चों को मिठाई और जलपान भी कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव रूपक कमल गौतम, क्षेत्रीय अध्यक्षा दीपशिखा मालवीय और जिला सचिव अभिषेक तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा एसोसिएशन के सदस्य परितोष, सत्यदीप जैन, सनत, पूर्णिमा त्रिपाठी, गीतांजलि, अस्मिता द्विवेदी और आकांक्षा मिश्रा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के मुकेश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव रूपक कमल गौतम ने कहा कि यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व और बेटियों के सशक्तिकरण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इन आवश्यक सामग्रियों के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य को सहयोग मिल सकेगा, जिससे वे उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगी।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/256
दिनांक:- 09/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष झारिया पिता श्री रेवा प्रसाद झारिया ने मकान नं. 131/टी एफ-2 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 528 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/255
दिनांक:- 09/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री प्रदीप कुमार जैन 2. श्री प्रमोद कुमार जैन 3. श्री प्रवीण कुमार जैन तीनों के पिता स्व. श्री मुलायम चंद जैन ने मकान नं. 1516/17 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 2736 व.फु. भूतल 960 व.फु. प्रथम तल 201 व.फु., शपथपत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/258
दिनांक:- 09/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री राहुल पटेल पिता श्री राम सेवक पटेल 2. श्रीमति शिल्या पटेल पति श्री राहुल पटेल ने मकान नं. 1023 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि- 1500 व.फु. शपथपत्र विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/247
दिनांक:- 26/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मीना दुआ पति स्व. श्री विजय कुमार दुआ ने मकान नं. 887/FF/S/F-7 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम तल 252 व.फु., शपथपत्र/ सहमति पत्र/ मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक, वन्य जीवों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध

# देश में पहली बार नेशनल हाइवे पर बनाई लाल पट्टियों वाली अनोखी सड़क

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैसे तो भारतीय सड़कों पर अक्सर आपने सफेद और पीली पट्टियां देखी होंगी, लेकिन क्या आपने कभी हाईवे के बीचों-बीच चमकदार लाल पट्टियां बिछी नहीं देखी होंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने मध्य प्रदेश में एनएच 45 के एक हिस्से पर लाल रंग की उभरी सड़क तैयार की है। मध्य प्रदेश के जबलपुर-भोपाल हाईवे (एनएच-45) पर सफर करने वाले यात्री इन दिनों एक अनोखे नजारे के गवाह बन रहे हैं। यह हिस्सा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है। इसके पीछे का मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक है। इसका उद्देश्य है ड्राइवर को पहले से चेतावनी मिले और जंगल के जानवर सुरक्षित रहें।

## क्या है लाल उभरी सड़क और कैसे करती है काम

एनएच 45 के करीब 2 किलोमीटर हिस्से पर 5 एमएममोटी लाल रंग की टेबल टॉप मार्किंग की गई है। यह रंग इतना चटकीला है कि ड्राइवर को दूर से ही समझ आ जाता है कि आगे जंगल का इलाका शुरू हो रहा है। सड़क की सतह हल्की उभरी हुई है, जिससे वाहन गुजरते समय हल्का झटका महसूस होता है और स्पीड अपने आप कम हो जाती है।

### क्यों चुना गया वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व साल 2023 में मध्य प्रदेश का 7वां टाइगर रिजर्व बना था। यह इलाका सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में फैला हुआ है। यहां बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है और फिलहाल करीब 26 बाघ मौजूद बताए जाते हैं। इसी वजह से यह हाईवे हिस्सा वन्यजीव टकराव के लिहाज से बेहद संवेदनशील था।

### हादसों की डरावनी हकीकत

तेज रफ्तार वाहनों की वजह से बाघ, तेंदुआ, हिरण और अन्य जानवर सड़क पार करते समय हादसों का शिकार होते थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 2 सालों में मध्य प्रदेश में 237 वन्यजीव वाहन टक्कर के मामले सामने आए, जिनमें 94 जानवरों की मौत हुई। एनएच 45 का यह हिस्सा पहले डेंजर जोन माना जाता था।



### सिर्फ लाल सड़क नहीं पूरा सुरक्षा प्लान

*इस हाईवे के करीब 12 किलोमीटर लंबे सेक्शन में 25 वाइल्डलाइफ अंडरपास बनाए गए हैं। इसके अलावा फेंसिंग और दूसरे स्मार्ट सेफ्टी इंतजाम भी किए गए हैं। यह पूरा काम टू लेन से फोर लेन विस्तार परियोजना का हिस्सा है, जिसमें विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी जोर दिया गया है।*

### एनएचएआई का क्या कहना है

एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक यह लाल उभरी सड़क ड्राइवर को बिना जबरदस्ती स्पीड कम करने पर मजबूर करती है। इसके लिए अलग से स्पीड ब्रेकर या भारी भरकम साइन बोर्ड लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह तरीका सरल है और असर भी तुरंत दिखता है।

### क्यों बन सकती है देश के लिए मिसाल

यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। जंगलों और वन्यजीव क्षेत्रों से गुजरने वाले दूसरे हाईवेज पर भी इस मॉडल को अपनाया जा सकता है। यह पहल दिखाती है कि सड़कें सिर्फ दूरी नहीं घटातीं, बल्कि जिम्मेदारी का रास्ता भी दिखा सकती हैं। यह सिर्फ रंग का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे का मनोविज्ञान ड्राइवरों को सतर्क करना है।

## सीनियर्स के सुरों का समाँ फिर सजेगा; 'वॉइस ऑफ सीनियर्स-8' के पंजीयन शुरू

**इंदौर।** आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर, इंदौर द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दी फिल्मों के गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता "वॉइस ऑफ सीनियर्स-8" का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुष एवं महिला वरिष्ठ नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है, जो निःशुल्क रखा गया है। इंदौर नगर निगम क्षेत्र के निवासियों का पंजीयन ऑफलाइन तथा अन्य प्रतिभागियों का पंजीयन ऑनलाइन किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन 9 मार्च 2026 तक तथा ऑफलाइन पंजीयन 9 मार्च से 15 मार्च 2026 तक होगा। पंजीयन फॉर्म आनंदम कार्यालय, ए-15, स्लाइस-5, स्कीम-78, विजय नगर से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अरुण सिंह (9826010110) तथा नितिन नामदेव




(7805985935, 9302274758) से संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता में विजेता को 51,000 रुपये तथा उपविजेता को 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।



## छग के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन

**पटना।** छत्तीसगढ़ पुलिस के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का शनिवार रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और पटना के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पिछले महीने उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि उन्हें हृदय से जुड़ी गंभीर समस्या थी। उपचार के दौरान उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही और शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

## जी राम जी अधिनियम के लिए 'लोगो' प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के लिए 'लोगो' डिजाइन प्रतियोगिता शुरू की गई है। यह प्रतियोगिता सरकार के नागरिक सहभागिता मंच 'मायजीओवी' पर शुरू हो चुकी है। और लोगों को ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दृष्टि को दर्शाने वाले रचनात्मक डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वह कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में जनभागीदारी को बढ़ावा देना चाहता है। मंत्रालय के मुताबिक, प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च है, और विजेता को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि 'लोगो' डिजाइन में विकसित भारत की परिकल्पना झलकनी चाहिए।

*तमिलनाडु में चुनावी तालमेल*

## कांग्रेस और डीएमके में सीट बंटवारा फाइनल, 28 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

एजेंसी ▸▸| चेन्नई

तमिलनाडु में कई दिनों से जारी अनिश्चितता को खत्म करते हुए सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर अंतिम मुहर लग गई है। सीट बंटवारे के फार्मूले के तहत कांग्रेस 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। 2021 में कांग्रेस ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था। यानी इस बार पार्टी को 3 सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट भी मिली है। कांग्रेस पहले 35 सीटों पर अड़ी हुई थी। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से चर्चा की। स्टालिन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बीच भी बातचीत हुई। इसके बाद सीट बटवारे पर सहमति बन पाई। इससे पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कांग्रेस ने 41 सीटों और सत्ता में भागीदारी की मांग रखी है।

### थलापति विजय के आने से मुकाबला रोचक

तमिलनाडु की 234 सीटों वाली विधानसभा में इस साल चुनाव होना है। डीएमके -कांग्रेस का गठबंधन हो चुका है और भाजपा-एआईएडीएमके में गठबंधन को लेकर चर्चा चल रही है। वहीं, अभिनेता थलापति विजय ने पहली बार चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 158 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। वहीं, एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन को 66 सीटें मिली थीं और वो विपक्ष में रहा।

## मेदांता ने थैलेसीमिया व अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज पर जागरूकता बढ़ाई


**जबलपुर।** गुरुग्राम स्थित मेदांता–द मेडिसिटी, जिसे न्यूज़वीक ने वर्ष 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बताया है, ने थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया जैसे जटिल ब्लड डिसऑर्डर के इलाज तक बेहतर पहुंच के उद्देश्य से जबलपुर में विशेष आउटरीच पहल शुरू की। मेदांता गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर डॉ. सत्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सेशन में पीडियाट्रिशियन, मेडिकल स्टूडेंट्स, युवा डॉक्टरों और फिजीशियनों को बच्चों में ब्लड डिसऑर्डर के उपचार में बोन मैरो ट्रांसप्लांट (BMT) की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रभावित बच्चों की पहचान, शीघ्र डायग्नोसिस और समय पर रेफरल के उद्देश्य से एक स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित किया गया।डॉ. यादव ने बताया कि भारत में हर वर्ष लगभग 10,000 से 15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ जन्म लेते हैं, जबकि अप्लास्टिक एनीमिया के करीब 20,000 नए मामले सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का इलाज संभव है, लेकिन जागरूकता की कमी और एडवांस्ड उपचार तक सीमित पहुंच के कारण कई मरीज समय पर उपचार से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है, जिसमें शरीर पर्याप्त स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स नहीं बना पाता, जबकि अप्लास्टिक एनीमिया में बोन मैरो आवश्यक रक्त कोशिकाएं बनाने में असमर्थ हो जाता है। ऐसे मामलों में समय पर जांच और उपचार बेहद आवश्यक है। डॉ. यादव ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य सेवाप्रदाताओं और समाज से अपील की कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को समय पर सही इलाज उपलब्ध कराने के लिए मिलकर प्रयास किए जाएं, जिससे हजारों बच्चों को नया जीवन मिल सके।

वीर चक्र से सम्मानित लांस हवलदार

## भारत-पाक 1965 युद्ध के नायक जॉर्ज नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस दिखाने वाले वीर चक्र से सम्मानित लांस हवलदार के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) का 95 वर्ष की आयु में केरल में निधन हो गया। के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) के पोते रेमो जॉन ने कहा, मेरे दादाजी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। उनका जन्म फरवरी 1931 में हुआ था और उन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। जॉन (21) ने बताया कि जॉर्ज का जन्म केरल में हुआ था और वह वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। उन्होंने कोट्टयम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। जॉर्ज ने भारतीय सेना के सिग्नल कोर में सेवा की थी, जो 1911 में स्थापित एक महत्वपूर्ण इकाई है। जॉर्ज को मिले वीर चक्र के प्रशस्ति पत्र में 1965 के युद्ध के दौरान उनके वीरतापूर्ण कार्य का वर्णन किया गया है



### हमले के दौरान संचार लाइन स्थापित की

आठ और नौ सितंबर, 1965 की रात को अपनी जान को खतरे में डालकर भी, उन्होंने दुश्मन के हमले के दौरान ब्रिगेड मुख्यालय से अग्रिम बटालियनों तक संचार की एक लाइन स्थापित की।

*जिद कर मंगवाए मोमोज और चाप*

## मोमोज-चाप खाकर रात को सोए भाई-बहन, सुबह मौत

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़

पंजाब के तरनतारन में संदिग्ध हालत में तबीयत बिगड़ने के बाद दो बच्चों की मौत हो गई। ये दोनों सगे भाई-बहन थे। बच्चों ने शनिवार रात को मोमोज और चाप खाई थी। इसके कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां हुईं तो परिजनों ने घर में ही रखी दवा दे दी, जिसके बाद बच्चे सो गए थे, लेकिन सुबह बिस्तर से उठ नहीं सके। दोनों के शरीर नीले पड़े थे और उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चों की पहचान 6 साल के आरव और 9 साल की दानिका के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया दिया है।



**परिजनों के मोबाइल जब्त:** डीएसपी सुखबीर सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया था। पारिवारिक सदस्यों के मोबाइल फोन कब्जे में लेकर फास्ट फूड की रेहड़ी के चालक से भी पूछताछ की गई। पुलिस विभिन्न पहलूओं पर जांच कर रही है। बच्चों की मौत का कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद लगेगा।

### रेहड़ी वाले से पूछताछ

*माता-पिता के बयान के बाद पुलिस ने रेहड़ी पर मोमोज बेचने वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। उस ने कहा कि उसने मोमोज बहुत से लोगों को बेचे हैं और लोगों ने खाए हैं। अगर मोमोज से तबीयत बिगड़ी होती तो बहुत से लोग अस्पताल में होते। ऐसे में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।*

## डिवाइडर से टकराई कार यूट्यूबर अनुराग घायल

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक कार दुर्घटना में यूट्यूबर अनुराग डोभाल गंभीर रूप से घायल हो गए। डोभाल को टेलीविजन शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में भाग लेने के बाद व्यापक स्तर पर पहचान मिली थी। अनुराग की एसयूवी 'टोयोटा फॉर्च्यूनर' कथित तौर पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लगभग 150-160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में थी और डिवाइडर से टकरा गई। यह हादसा शनिवार रात को मसूरी पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित हवा हवाई रेस्तरां के पास हुआ। इस घटना की जानकारी 112 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त हुई। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तब तक डोभाल को इलाज के लिए सुभारती अस्पताल ले जाया जा चुका था।

**पत्नी व बच्ची को भरण-पोषण नहीं देने पर नियोक्ता कंपनी को दिया निर्देश**

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पति के वेतन से हर माह 25 हजार काटकर पत्नी के खाते में भेजो...

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति के नियोक्ता को निर्देश दिया कि वह उसके वेतन से हर महीने 25 हजार रुपये काटकर सीधे उसकी अलग रह रही पत्नी के बैंक खाते में जमा करे। यह राशि पत्नी और उनकी नाबालिग बेटी के भरण-पोषण के लिए दी जाएगी। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने यह आदेश तब दिया, जब पाया कि पति पहले दिए गए अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहा था और 2022 से अलग रहने के बावजूद उसने पत्नी और बच्ची के लिए कोई भरण-पोषण राशि नहीं दी।

### चार साल की बेटी मां के साथ

अदालत ने कहा कि दंपति की चार साल की एक बेटी है, जिसकी देखभाल पूरी तरह मां कर रही है। खंडपीठ ने यह भी दर्ज किया कि पिछले चार वर्षों में पति ने न तो बच्ची के पालन-पोषण में कोई योगदान दिया और न ही उससे मिलने का प्रयास किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता के लिए भेजा था और विवाह समाप्त करने के लिए एकमुश्त समझौते की संभावना तलाशने को कहा था।



### पति ने दिया आर्थिक स्थिति का हवाला

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने पति द्वारा दाखिल आर्थिक स्थिति के हलफनामे की भी जांच की। उसमें उसने दावा किया कि उसकी मासिक आय 50 हजार रुपये है और वह आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। अदालत ने उससे पूछा कि क्या वह बकाया सहित 2.5 लाख रुपये जमा करने को तैयार है, लेकिन उसने भुगतान करने से इनकार कर दिया।

### अंतरिम भरण-पोषण आदेश का पालन नहीं किया

अंतरिम व्यवस्था के रूप में पति को पत्नी और बच्ची के मध्यस्थता में आने-जाने के खर्च के लिए 25 हजार रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया, लेकिन अदालत ने पाया कि उसने उस आदेश का भी पालन नहीं किया। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि 2024 में मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम भरण-पोषण का आदेश पारित किया लेकिन पति ने उसका भी पालन नहीं किया और लगभग 1.38 लाख रुपये की बकाया राशि जमा हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा

इसके बाद पीठ ने आदेश देते हुए कहा,दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन परिस्थितियों में हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचता। इसलिए प्रतिवादी पति के नियोक्ता को निर्देश दिया जाता है कि उसके वेतन से हर महीने 25 हजार रुपये काटे जाएं और यह राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे पत्नी के खाते में भेजी जाए।

### नाबालिग बच्ची के हितों को लेकर अदालत चिंतित

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से नाबालिग बच्ची के हितों को लेकर चिंता व्यक्त की। अदालत ने नोट किया कि बच्ची की परवरिश मां अकेले कर रही है और पिता के निधन के बाद वह फिलहाल अपने चाचा के घर रह रही है। अदालत ने इस मामले को आदेश के अनुपालन की जानकारी के लिए अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## राशिफल

**मेष:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह:** व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या:** सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला:** भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान


**धनु:** भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर:** किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6160



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6159 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 6170

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6169 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# सहेली



दांपत्य का रिश्ता बहुत प्यारा, अनूठा होता है। अगर कोई पुरुष अपनी जीवनसंगिनी में केवल पत्नी को ही देखेगा या स्त्री अपने जीवनसाथी में केवल पति को देखेगी तो रिश्ते में एकरसता आएगी ही। ऐसा न हो, दांपत्य सदैव मधुर और रिश्ता हमेशा प्रगाढ़ बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि दोनों आवश्यकतानुसार एक-दूसरे को कभी मां-पिता, कभी फ्रेंड, कभी सहयोगी तो कभी प्रेमी-प्रेमिका होने का एहसास करवाते रहें।

## जीवन साथी में उभरती हैं मां-पिता-मित्र-प्रेमी की छवियां

कवर स्टोरी

मेघा राठी

दांपत्य कोई एकरंगी रिश्ता नहीं होता। यह समय, परिस्थिति और भावनात्मक जरूरतों के साथ अपना रूप बदलता रहता है। कभी इसमें मां-पिता जैसा प्रेम-स्नेह उतर आता है, कभी मित्रता की सहजता तो कभी प्रेमी, प्रेमिका जैसा रुमानी आकर्षण। यही अनेक रूप या लचीलापन दांपत्य रिश्ते को जीवित रखता है। पति-पत्नी का रिश्ता जब केवल एक ही रूप में जकड़ जाता है, तब वह बोझिल हो जाता है।

**पति-पत्नी के बीच रिश्तों के हों विविध रंग:** अनुज और काव्या को देखें। उनकी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं। शुरुआती वर्षों में इनका रिश्ता प्रेम-उत्साह से भरा था, लंबी बातचीत, अचानक बाहर घूमने के प्लान, छोटे-छोटे सरप्राइज। समय के साथ उनकी जिम्मेदारियां बढ़ीं। बच्चे, नौकरी, परिवार, सब कुछ जीवन में आ गया। कभी-कभी अनुज ऑफिस से थककर घर लौटता तो बिना कुछ कहे सोफे पर बैठ जाता, काव्या समझ जाती, बात क्या है। कुछ कहे बिना वह उसके लिए कॉफी बनाकर, उसके पास बैठकर, उसका हाथ थाम लेती या सिर सहला देती। उस पल अनुज को काव्या में अपनी मां की छवि नजर आती, उसे बेहद सुकून महसूस होता। ऐसा भी नहीं कि सिर्फ काव्या ही अनुज का ध्यान रखती थी। कई बार काव्या दिनभर के कामों से थककर चूर हो जाती, तब अनुज रसोई में उसके साथ हाथ बंटाता, बच्चों को पढ़ा देता या घर के दूसरे और काम निपटा देता। प्यार से काव्या के गाल थपथपा कर कहता, 'सब कुछ अकेले मत करो।' उस समय काव्या को अपने पापा याद आ जाते। उसे अनुज के दिए यह अहसास बहुत संबल देते। इसी तरह किसी दिन अनुज-काव्या मित्र बन जाते, खुलकर दोस्तों की तरह बातें करते, हंसते। जब किसी दिन घर में बच्चे ना होते तो दोनों बालकनी में बैठकर चाय पीते, पुराने गीत सुनते, तब वे प्रेमी-प्रेमिका होते, पुरानी यादों के साथ एक दूसरे के साथ छेड़छाड़ करते, रोमांटिक हो जाते। अनुज और काव्या इस बात को जानते थे कि उनका रिश्ता इसलिए गहरा और मजबूत है, क्योंकि उन्होंने अपने रिश्तों को किसी एक ही रूप में रखने की कोशिश नहीं की, उनके रिश्तों में विविध रंग हैं।



### पत्नी के स्नेह भाव और ममता से मित्रता तक

पत्नी का स्नेह भाव केवल देखभाल तक सीमित नहीं होता। वह कभी मां सी ममता देती है तो कभी मित्र बनकर पति की बातें सुनती है बिना जज किए, तो कभी प्रेमिका की तरह उसमें आत्मविश्वास जगाती है। यह स्नेह भाव मां के स्नेह का विकल्प नहीं है, उसका परिपक्व रूप है। यहां समझ, संवाद और सीमाएं भी साथ चलती हैं। पत्नी का स्नेह तभी सुंदर रहता है, जब वह अपने अस्तित्व और भावनाओं को खोए बिना दिया जाए।

**दंपती तलाशते हैं एक-दूसरे में अपने मां-पिता की छवि:** हमारा पहला भावनात्मक जुड़ाव अपने मां-पिता से होता है। मां से हमें सुरक्षा, पोषण और बिना शर्त स्वीकार्यता मिलती है, जबकि पिता से दिशा, भरोसा और स्थिरता का अनुभव। यही अनुभव हमारे अवचेतन में गहरे बैठ जाते हैं। जब व्यक्ति वयस्क जीवन में प्रवेश करता है, अपना जीवनसाथी चुनता है तो अनजाने में वह उन्हीं परिचित भावनात्मक अनुभवों को फिर से महसूस करना चाहता है। इसलिए कई बार पति अपनी पत्नी में मां की छवि खोजता है, जो उसे थाम ले, समझे और सुरक्षित महसूस कराए। वहीं पत्नी अपने पति में पिता समान स्थिरता, संरक्षण और भरोसे की अनुभूति ढूंढ़ती है। यह तलाश स्वाभाविक है, क्योंकि मन अपने पुराने सुरक्षित अनुभवों की ओर लौटना चाहता है। समस्या तब होती है, जब यह तलाश हमेशा के लिए एक अपेक्षा बन जाए। पति हर समय पत्नी से मां जैसी ममता की चाहत करे या पत्नी, पति से हर क्षण पिता जैसा संरक्षण चाहे तो दांपत्य जीवन में एक दबाव आ जाएगा। इसलिए एक संतुलन जरूरी है, इससे दांपत्य रिश्ता कभी बोझिल नहीं लगेगा।

**पति का स्नेह देता है सुरक्षा, भरोसा और सम्मान भाव:** दांपत्य में स्नेह केवल पाने का नाम नहीं। पति भी पत्नी के लिए पिता समान सुरक्षा, मित्र समान भरोसा और प्रेमी-समान अपनेपन के भाव देता है। जब वह पत्नी के निर्णयों का सम्मान करता है, उसकी भावनाओं को हल्के में नहीं लेता, उसके सपनों में सहभागी बनता है, ऐसे में उसका स्नेह गहरा और अर्थपूर्ण हो जाता है। पति का स्नेह तब और गहरा, मजबूत हो जाता है, जब वह केवल जिम्मेदारियों तक सीमित न रहे, भावनात्मक रूप से भी उपस्थित रहे। अपनी पत्नी को संबल प्रदान करे।



**प्रेमी-प्रेमिका जैसा व्यवहार है दांपत्य की प्राणवायु:** देखा यही जाता है कि लंबे वैवाहिक जीवन में सबसे पहले जो खोता जाता है, वह है प्रेमी-प्रेमिका वाला व्यवहार। जबकि सच यह है, यही तत्व दांपत्य को जीवंत बनाए रखता है। एक-दूसरे की तारीफ करना, साथ समय बिताना, हल्की छेड़छाड़, स्पर्श की भाषा और भावनात्मक निकटता, ये सब रिश्ते में ऊर्जा भरते हैं।

जब पति-पत्नी यह मान लेते हैं कि अब प्रेम बनाए रखने के लिए किसी तरह के प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है, प्रेम तो हमेशा ऐसा ही रहेगा, तब धीरे-धीरे प्रेम घटने लगता है, दूरी बनने लगती है। प्रेम को भी समय, प्रयास और सजगता चाहिए।

**अनजाने में उभरी छवियां ही रिश्ते को बनाती हैं मजबूत:** जब पति-पत्नी अनजाने में एक-दूसरे के लिए मां या पिता जैसी भूमिका निभाते रहते हैं, तब रिश्ता भीतर से मजबूत हो जाता है। क्योंकि यह भूमिका मांगी हुई नहीं होती, परिस्थिति से सहज भाव से उपजी होती है। ऐसे क्षणों में अहं नहीं होता, केवल संवेदनशीलता होती है। लेकिन यही छवियां अगर जान-बूझकर खोजी जाएं, जुमले बोले जाएं, 'तुम मेरी मां की तरह क्यों नहीं हो' या 'तुम मेरे पिता जैसे क्यों नहीं हो' तो रिश्ते में तुलना, शिकायत और असंतोष को जन्म देती है, क्योंकि जीवनसाथी माता-पिता का स्थान नहीं ले सकता। इसलिए स्वस्थ दांपत्य में ये छवियां सहज रूप से आती-जाती हैं, इनका आना-जाना ही ज्यादा दांपत्य रिश्ते को खूबसूरत बनाता है।

**जरूरी है भूमिकाओं का संतुलन:** दांपत्य की सबसे बड़ी खूबसूरती उसकी बहुरूपता है। कभी पति-पत्नी मित्र होते हैं, कभी माता-पिता, कभी प्रेमी-प्रेमिका और कभी केवल सहयात्री। यदि इन भूमिकाओं को लचीलेपन के साथ अपनाया जाए तो रिश्ते कभी बोझ नहीं बनते। एक ही भूमिका की अपेक्षा रखना रिश्ते को सीमित कर देता है। स्नेह तब परिपक्व हो जाता है, जब उसमें बराबरी, संवाद और साझा जिम्मेदारी हो। पति-पत्नी आनंद से तब साथ रह पाते हैं, जब वे एक-दूसरे की परवाह को कर्तव्य नहीं, प्रेम समझते हैं। कभी एक आगे बढ़कर थाम लेता है, कभी दूसरा। कभी प्रेमी बनकर रोमांच रचते हैं, कभी मित्र बनकर हंसते हैं तो कभी माता-पिता जैसी कोमलता में एक-दूसरे को संबल देते हैं। दांपत्य का मनोविज्ञान यही सिखाता है कि ऐसा संतुलन ही इसे प्रगाढ़ और मधुर बनाता है। a

## घर में भी रहें सजी-संवरी

अधिकतर होममेकर्स घर में रफ-टफ ढंग से रहती हैं। उन्हें मेकओवर करना गैरजरूरी लगता है, जबकि घर में सज-संवर कर रहने से न केवल कॉन्फिडेंस बढ़ता है, आप हैप्पी-एनर्जेटिक भी फील करती हैं।

सेल्फ केयर

चैतन्या



हमारे घरों में होममेकर महिलाओं का रुटीन आमतौर पर नीरस सा होता है। यह केवल जिम्मेदारियों की भागदौड़ के चलते ही नहीं होता। स्वयं की अनदेखी भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। घर तक सिमटकर रहने वाली महिलाएं अपनी संभाल-देखभाल करना ही भूल जाती हैं। सोचने वाली बात है कि तैयार होकर रहने के लिए घर से बाहर जाने की शर्त ही क्यों हो? घर के काम-काज करते हुए भी खुद को सजा-संवरा रखा जा सकता है। इसके कई फायदे हैं।

**आत्मविश्वास की सौगात:** सेल्फ केयर से आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए गृहणियां भी अच्छी दिनचर्या बनाकर अपनी केयर के लिए कुछ समय जरूर निकालें। काम-काजी महिलाएं ऑफिस के लिए तैयार होकर निकलती हैं। पर प्रायः होममेकर्स, सुबह से शाम तक खुद को ठीक से आईने में भी नहीं देखतीं। धीरे-धीरे यह रुटीन पूरे व्यक्तित्व को ही नीरस बना देता है। ऐसे में जरूरी है कि घर के कोने-कोने का मेकओवर करने वाली स्त्रियां खुद को न भूलें। सेल्फ केयर को भी तवज्जो दें। सहज ढंग से घर में भी तैयार होकर रहें। बालों को संवारकर रखें। ये सभी बातें आपका आत्मविश्वास तो बढ़ाएंगी ही मानसिक सुकून भी देंगी।



**फील करेंगी एक्टिव-एनर्जेटिक:** घर की चारदीवारी के भीतर का मोनोटोनस रुटीन, गृहणियों को थके मन और बिखरे से जीवन की ओर ले जाता है। ऐसे में गृहणियों को यह समय रहते समझना होगा कि यह दिनचर्या कोई एक-दो दिन या कुछ महीनों की बात नहीं होती। जब जीवन ही घर-आंगन में बीतना है तो क्यों ना खुद की देखभाल भी रोजमर्रा के रुटीन का हिस्सा हो! अपनी पसंद के मुताबिक सज-संवरकर रहा जाए। अच्छे से तैयार होकर रहना मानसिक रूप से भी ताजगी देता है। अपने ही व्यक्तित्व के प्रति पॉजिटिव फीलिंग बढ़ती है। इसीलिए घरेलू कामों में भी अपनी ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान जरूर दें। नियमित अच्छी ड्रेसेस पहनने से आप खुद को एक्टिव भी रख सकेंगी।

**बच्चों के व्यक्तित्व पर असर:** होममेकर मांओं के लाइफस्टाइल का असर बच्चों के व्यक्तित्व पर भी पड़ता है। आपकी सेल्फ केयर से बच्चे भी ऐसा करना सीखते हैं। खुद का ख्याल रखने वाले बच्चे आत्मविश्वासी बनते हैं। अपनी साज-संवार का ध्यान रखते हैं। निष्क्रिय बनने के बजाय एक्टिव और अलर्ट व्यक्तित्व के धनी बनते हैं। इसीलिए बच्चों की बेहतरी के लिए भी खुद को सभालें। a


## स्किन केयर के लिए परफेक्ट मानी जाती है हल्दी

स्किन केयर

नीलोफर

अपने देश में केवल खाने में ही नहीं बल्कि ब्यूटी प्रोडक्ट्स में भी हल्दी का खूब इस्तेमाल होता है। चेहरे की रंगत निखारने में हल्दी काफी उपयोगी होती है। इसीलिए मैरिज के अवसर पर दूल्हा-दुल्हन के रंग-रूप को निखारने के लिए हल्दी से बने उबटन का उपयोग किया जाता है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं। इसीलिए कई प्रॉब्लम्स में कारगर होती है।

**निखार के लिए:** हल्दी का चमकीला पीला रंग उसमें मौजूद करक्यूमिन नामक तत्व के कारण होता है। यह त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों और पर्यावरणीय प्रदूषकों से हमें सुरक्षा प्रदान करता है। यह स्किन की डेड सेल्स की मरम्मत करके उसमें निखार लाता है। यही वजह है हल्दी त्वचा की देखभाल के लिए यूजफुल मानी जाती है।



**मुंहासों से बचाए:** हल्दी में मौजूद करक्यूमिन तत्व मुंहासों से बचाता है। जब हमारी त्वचा के रोमछिद्र, ऑयल, डेड स्किन और बाहरी प्रदूष से बंद हो जाते हैं तो चेहरे पर ब्लैक हेड्स, व्हाइट हेड्स और मुंहासे होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में हल्दी, त्वचा में सीरम के उत्पादन को नियंत्रित करने का काम करती है। यही वजह है कि चेहरे पर हल्दी और बेसन को मिलाकर लगाने से मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है।

**पिग्मेंटेशन से बचाए:** लगातार सूरज की किरणों के संपर्क में रहने से हमारी त्वचा में पिग्मेंटेशन हो सकता है। सूर्य की अल्ट्रावॉयलेट किरणों से अगर सुरक्षा के लिए उपाय न किए जाएं तो त्वचा समय से पहले एजिंग का शिकार होने लगती है। त्वचा पर झुर्रियां पड़ जाती हैं और उसकी चमक खत्म हो जाती है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन इस नुकसान से लड़ने और फ्री रेडिकल्स को लड़ने में मदद करता है।

**लाभकारी है हल्दी:** हल्दी में अनेक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जिससे यह त्वचा को भरपूर पोषण देने के साथ-साथ एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से संपन्न होती है। मुंहासों से बचने के लिए ही नहीं बल्कि मुंहासों के निशानों को मिटाने के लिए भी त्वचा पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। स्ट्रेच मार्क, त्वचा में सूजन, त्वचा का बदरंग होना, इन सभी के लिए यह लाभकारी होती है।

**पैच टेस्ट जरूर करें:** स्किन ब्यूटी को निखारने के लिए हल्दी के अनेक फायदे हैं। इसका सही फायदा लेने के लिए जहां तक संभव हो हल्दी जैविक, प्राकृतिक और मिलावट रहित होना चाहिए। इसलिए जब भी उबटन बनाने के लिए हल्दी का इस्तेमाल किया जाए, उसका पैच टेस्ट फेस से पहले हाथ की स्किन पर जरूर करना चाहिए ताकि सीधे चेहरे की त्वचा पर इसे लगाने से कोई नुकसान न हो। a

अकसर हाथ-पैरों और जोड़ों में दर्द होना, कमजोर दांत-नाखून, हेयर फॉलिंग या पीरियड्स के दौरान दर्द, कैल्शियम की कमी से हो सकता है। अपनी डाइट में सुधार कर शरीर में होने वाली कैल्शियम की कमी को दूर कर सकती हैं।

## शरीर में कैल्शियम की कमी को ऐसे करें दूर

डाइट एडवाइस

डॉ. माजिद अलीम

कैल्शियम एक ऐसा महत्वपूर्ण खनिज है, जो हमारे दांतों और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह हमारी मांसपेशियों के संकुचन, खून के थक्के जमने के लिए भी जरूरी होता है। अकसर 14 से लेकर 17 साल के आयुवर्ग की लड़कियों में और मेनोपॉज के दौरान महिलाओं में कैल्शियम की कमी देखी जाती है। प्रेग्नेंसी के दौरान यदि मां के शरीर में कैल्शियम की कमी हो तो इससे बच्चें के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर होता है। मानव शरीर कैल्शियम उत्पादित नहीं करता, इसलिए हमें अपने आहार से ही इसे पूरा करना होता है।

**इसलिए होती है कमी:** महिलाओं में कैल्शियम की कमी का सबसे बड़ा कारण अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही होती है। इसके अलावा खराब जीवनशैली, रेडी टू ईट फूड का सेवन, संतुलित आहार की कमी, खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण भी इसकी कमी देखी जाती है। कैल्शियम युक्त भोज्य पदार्थों की कमी, विटामिन-डी की कमी, मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम अवशोषण में बाधा डालने वाली दवाओं के सेवन, डेयरी उत्पादों का कम सेवन जैसी तमाम वजहों से उनमें कैल्शियम की कमी हो जाती है।



**कैल्शियम की कमी के लक्षण:** कैल्शियम हड्डियों और दांतों की सेहत के लिए जरूरी तो है ही, यह नाखूनों को मजबूती देता है। इसकी कमी से मांसपेशियों में दर्द, थकावट, दिल की धड़कन बढ़ना, पीरियड्स के दौरान अधिक दर्द होना, बालों का झड़ना, त्वचा का सूखापन, नाखूनों का कमजोर होकर बार-बार टूटना, दांतों का कमजोर होना, जोड़ों में दर्द, याद्दाश्त में कमी, नींद में परेशानी, कब्ज, गैस या पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**कमी ऐसे करें दूर:** शरीर में कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए ऐसे आहार का सेवन करें, जो कैल्शियम से भरपूर हों।

**पालक:** 100 ग्राम पालक में 90 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। पालक को सिर्फ एक मिनट उबालकर सेवन करना चाहिए।

**सोयाबीन:** 100 ग्राम सोयाबीन में तकरीबन 175 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। सोयाबीन से बना दूध, टोफू, दही भी फायदेमंद है।

**रागी:** 100 ग्राम रागी में तकरीबन 370 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। रागी के आटे से कई प्रकार के व्यंजन बनाकर इसका सेवन किया जा सकता है।



**मेथी के पत्ते-बीज:** 100 ग्राम मेथी के पत्तों में 150 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। मेथी के पत्तों का इस्तेमाल करी, दाल, चावल, कर सकते हैं।

**खट्टे फल:** खट्टे फलों में विटामिन-सी के साथ कैल्शियम भी भरपूर मात्रा में होता है।

**बादाम:** प्रति 100 ग्राम बादाम में 264 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। प्रतिदिन पांच भीगे बादाम की गिरि खाली पेट खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं और त्वचा कोमल और बाल भी स्वस्थ रहते हैं।

**काले चने:** ड़ेढ कप काले चने में 315 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। उबले हुए काले या सफेद चने में औसतन एक बाउल में 80 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।

**दही:** 100 ग्राम दही में 85 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।

**चिया सीड्स:** 100 ग्राम चिया सीड्स में लगभग 630 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।

**धूप का सेवन:** महिलाओं को अपने शरीर में कैल्शियम की अपूर्ति के लिए कैल्शियमयुक्त आहार की जरूरत के साथ-साथ सुबह की धूप भी सेकना जरूरी है। क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन-डी, कैल्शियम अवशोषण के लिए जरूरी होता है। a




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# दो कदम गौतम आगे आए और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकालाः सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को उनकी 'काम के स्थल वाली पत्नी' मानती थी।

जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।'सूर्यकुमार ने कहा कि इन दो वर्षों में दोनों के बीच कभी कोई बहस नहीं हुई और उन्होंने एक आदर्श एकादश तय करने के लिए कभी रातों की नींद नहीं गंवाई।

सूर्यकुमार ने कहा, ' जब से हमने साथ काम करना शुरू किया, जब हम श्रीलंका गए थे, तब से लेकर अब तक मुझे याद नहीं कि कभी किसी खिलाड़ी को लेकर हमारी बहस हुई हो।' कप्तान ने कहा, ' हम बात करते हैं कि हमें किसी खास खिलाड़ी को खिलाना चाहिए या नहीं। हम दोनों हमेशा टीम को जिताने में दिलचस्पी रखते हैं। हम किसी खिलाड़ी को ऐसी स्थिति में कैसे रख सकते हैं, जिससे टीम को फायदा हो सके।'

## खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना जरूरी

सूर्यकुमार ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल दौर का सामना कर रहे खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना बहुत जरूरी है और दोनों ने मुश्किल दौर से उबरकर टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ' जब कोई अच्छा नहीं कर रहा होता तो आप उसके साथ समय बिताने की कोशिश करते हैं। उसे डिनर पर ले जाते हैं, उससे बात करते हैं क्योंकि ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सही समय पर आपके लिए कुछ खास करेंगे जैसा अभिषेक ने अभी किया और संजू ने पिछले तीन मैच में किया।' सूर्यकुमार ने कहा, 'अपनी भूमिका निभाना, अपनी जिम्मेदारियों को समझना, सही समय पर मदद करना, जब कोई अच्छा नहीं कर रहा हो तो खिलाड़ी से बात करना। ये मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। इसलिए ये सभी चीजें मेरे लिए काफी मायने रखती हैं।'





## हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना

उन्होंने कहा, 'मुझे शुरू से ही पता था कि हमारी एक-दूसरे से क्या उम्मीदें होंगी। कई बार हमने टीम के बारे में एकादश या 15 खिलाड़ियों के बारे में बात की है कि हमें किसे चुनना है और 14 खिलाड़ी हमेशा एक जैसे रहे हैं।' सूर्यकुमार ने कहा,'अगर सफलता की दर इतनी अधिक है तो हमें इस पर अधिक बात करने की जरूरत नहीं है। हमारा लक्ष्य मिलकर कुछ अच्छा हासिल करना था।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए हम किसी भी चयन के फैसले को लेकर सहज थे।

## भारत के खिलाफ फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण : न्यूजीलैंड कप्तान सेंटनर

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी। चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल हारना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं, जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। उन्होंने कहा, 'और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था।'

## खबर संक्षेप



### फ्यूचर्स कप : राधामणि साहिल जीते, उधम बाहर

**बैंकॉक।** भारत की युवा मुक्केबाजी टीम के लिए सोमवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में मिलाजुला दिन रहा जब राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने जीत हासिल की लेकिन उधम सिंह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में राधामणि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की अपनी विरोधी को हराया और तीसरे दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) पर जीत दर्ज की। पुरुषों के वर्ग में साहिल (60 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तुर्कमेनिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर शानदार जीत हासिल की। उधम सिंह (55 किग्रा) को हालांकि कड़ी टक्कर देने के बावजूद जापान के प्रतिद्वंद्वी खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### जोबर्ग ओपन : शुभंकर संयुक्त 57वें स्थान पर

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 'जोबर्ग ओपन' के अंतिम दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर रहे। शुभकर ने दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठे। उन्होंने इस दौरान तीन बोगी 13वें से 16वें होल के बीच किए।उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (66-72-69-72) रहा।जोबर्ग ओपन में अतीत में शुभंकर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यहां पांच टूर्नामेंटों में से चार बार कट हासिल किया है और इसी कोर्स पर 2017 में डीपी वर्ल्ड टूर का अपना पहला खिताब जीता था। इंग्लैंड के डैन ब्रैडबरी ने अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए पांच अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 17 अंडर पार (64-70-64-65) के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।



### भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक का स्वर्ण जीतने पर




**अहमदाबाद।** आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में सूर्यकुमार के खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है। भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। सूर्यकुमार ने कहा, ' एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है।'

## सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ बनाए 321 रन

# टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ 3 भारतीय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की 5 पारियों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। इसी के साथ सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में यह पुरस्कार जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। इस पुरस्कार को जीतने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।*

### विराट कोहली



दिग्गज बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 और 2016 में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया था। वह इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने दो बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2014 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 106.33 की औसत के साथ 319 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से 10 छक्के और 24 चौके निकले। इसके बाद साल 2016 में भी कोहली ने इस पुरस्कार को अपने नाम किया। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2016 में कुल 5 मैच खेले, जिसमें 136.50 की औसत के साथ 273 रन बनाए। वह उस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहे थे।

### जसप्रीत बुमराह



भारत ने जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। उस संस्करण में बुमराह ने 8 मुकाबले खेलते हुए कुल 29.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान बुमराह ने 124 रन देकर 15 विकेट हासिल किए। हालांकि, अर्शदीप सिंह 17 विकेट लेकर उस संस्करण में सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में बुमराह से एक पायदान ऊपर थे, लेकिन डेथ ओवर्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बुमराह ने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब अपने नाम किया।

### संजू सैमसन



साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान दाएं हाथ के इस खिलाड़ी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआती दो पारियों में सैमसन 22 रन और 24 रन ही बना सके थे। कुछ दिग्गज प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह पर ही सवाल खड़े करने लगे थे, लेकिन इसके बाद सैमसन ने खुद को साबित किया। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में 97 रन की नाबाद पारी खेली, जिसने भारत को सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। नॉकआउट मैच में सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## ट्रॉफी की पूरी तरह से हकदार भारतीय टीमः सचिन



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, 'लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारुप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!''

## हमारे जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहींः कोहली



पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की। कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने लिखा,'यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई।'

## जीत भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती हैः गांगुली



भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, ''टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।''

## भारत को हराना मुश्किल था : डेरेन सैमी



वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल था। सुपर आठ में भारत के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई वेस्टइंडीज के मुख्य कोच सैमी ने लिखा, 'जैसा कि मैं पहले दिन से कह रहा था। आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको भारत को नॉकआउट में हराना होगा। किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया। बीसीसीआई को उनके तीसरे विश्व टी20 खिताब के लिए बधाई।

## कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छीः धोनी



महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था।

### एएफसी महिला एशियाई कप

# चीनी ताइपे के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले के लिए तैयार भारत



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियाई कप में मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप-सी के अपने आखिरी मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करना होगा। भारत फिलहाल दो मैचों में शून्य अंक के साथ ग्रुप में चौथे और आखिरी स्थान पर है।

टीम को पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे मैच में जापान ने उसे 11-0 से हराया था। जापान दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि चीनी ताइपे और वियतनाम तीन-तीन अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अब तक खराब प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौक बरकरार है। भारतीय टीम को इसके लिए चीनी ताइपे को कम से कम दो गोल के अंतर से हराना होगा और साथ ही मंगलवार को होने वाले दूसरे मैच में जापान को वियतनाम को हराना होगा। टूर्नामेंट के तीनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम आठ में जगह बनाएंगी।

## नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरतः मुख्य कोच


भारत की मुख्य कोच अमेलिया वाल्वेर्दे ने कहा कि टीम को पिछले दो मैचों के नतीजों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा, वियतनाम और जापान के खिलाफ दोनों मैच एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थे। सबसे पहले हमें जो हुआ उसे जल्दी से पीछे छोड़ना होगा। हमें इस मैच के लिए अच्छी तैयारी करनी है और इसमें कोई संदेह नहीं है। भारतीय कोच ने कहा, 'हमें इस मैच के महत्व का पूरा एहसास है। हम पिछले मुकाबले को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हमारे सामने यह मौका है, जिसे हमें पूरी गंभीरता के साथ लेना होगा।'

## हमारे लिए एक बड़ा मौका : शिल्की देवी

भारत की मिडफील्डर शिल्की देवी हेमाम ने भी कहा कि टीम पिछले मैच से सबक सीखा कर अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने पिछले मैच से काफी कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि चीनी ताइपे के खिलाफ यह मैच हमारे लिए खास होगा। यह हमारे लिए एक बड़ा मौका है और हमें इसका पूरा फायदा उठाना होगा।'' चीनी ताइपे के लिए स्थिति अपेक्षाकृत आसान है। नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए उनके लिए ड्रॉ भी पर्याप्त होगा।

# सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमारा युग होता तो वनडे सीरीज नहीं गंवातेः गंभीर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



भारत ने टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनकर अपने दबदबे का सबूत दिया है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि यह सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम इंडिया का युग नहीं है क्योंकि उन्होंने एकदिवसीय प्रारुप में श्रृंखलाएं गंवाई हैं। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब सिर्फ भारत की एकदिवसीय टीम का ही हिस्सा हैं।

लगातार तीन वर्षों में तीन आईसीसी खिताब (2024 टी20 विश्व कप, 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप) जीतने के बाद भारत के दबदबे की 1999 और 2007 के बीच ऑस्ट्रेलिया के दबदबे (जब टीम ने लगातार तीन एकदिवसीय विश्व कप जीते) से तुलना करना लाजमी था। गंभीर ने इस पर जवाब देते हुए कहा, 'मैं सफेद गेंद के क्रिकेट के बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि सफेद गेंद के क्रिकेट में एकदिवसीय प्रारुप में हमने पिछली तीन में से दो श्रृंखला गंवाई हैं। अगर यह (हमारा) युग होता तो हम दो श्रृंखला नहीं हारते।' उन्होंने नाम नहीं लिए लेकिन यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं था कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया (विदेश) और न्यूजीलैंड (स्वदेश) में श्रृंखला गंवाने के दौरान कौन-कौन खेला था। हालांकि गंभीर इस बात से सहमत हैं कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। गंभीर ने कहा, 'मैं इन युग पर विश्वास नहीं करता। आपको हर दिन मैदान उतरना होगा, चाहे आप कोई भी मैच खेल रहे हों। जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप हर मैच जीतना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला है या आईसीसी ट्रॉफी है या विश्व कप है। मैं द्विपक्षीय और आईसीसी टूर्नामेंट में फर्क नहीं कर सकता क्योंकि ये एक ही हैं। सब कुछ बिल्कुल वैसा ही रहता है।'

### इंडियन वेल्स मास्टर्स

# प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे भाम्बरी-गोरान्सन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भाम्बरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में डेविड पेल और फैब्रिस मार्टिन की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में आसान जीत के साथ अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। भारत और स्वीडन की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एटीपी 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस और नीदरलैंड की जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए 6-1 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

भाम्बरी और गोरान्सन ने अपने प्रतिद्वंदियों के तीन ऐस के मुकाबले पांच ऐस लगाए। पेल और मार्टिन ने 66 मिनट के इस मुकाबले में छह



'डबल फॉल्ट' किए। भाम्बरी और गोरान्सन का सामना अब सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की अनुभवी जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी को हराया था।

## दुबई में हुए अनुभव के कारण सिंधू रही काफी तनाव में

# सिंधू नहीं खेलेंगी स्विस ओपन, श्रीकांत-प्रणय संभालेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| बासेल

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,' वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

## श्रीकांत पहले दौर में गुनावान से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरुण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।



## उन्नति का सामना चियान से

पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा । हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे । महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चीनी ताइपै की हू लिंग फांग और झेंग यू चियेह से खेलेंगी।




### सिक्योरिटी ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया सुरक्षा में गंभीर चूक उजागर

# याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट जज के डायस पर रख दिया शिशु का भ्रूण, मचा हड़कंप



हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में सोमवार को तब हड़कंप मच गया, जब एक याचिकाकर्ता सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए कोर्ट रूम के भीतर 4- 5 माह के शिशु का भ्रूण लेकर पहुंच गया। उसने कोर्ट रूम नंबर 17 पहुंच कर डायस पर यह भ्रूण रख दिया। इससे पहले कि वह और कुछ कर पाता, सुरक्षा दस्ते ने उसे गिरफ्त में ले लिया। घटना तब हुई जब सामान्य दिनों की तरह अदालती कार्यवाही संचालित की जा रही थी। अचानक हुई इस वारदात से वहां मौजूद न्यायाधीश, अधिवक्ता और कर्मचारी भौचक रह गए और कोर्ट रुम सहित हाईकोर्ट परिसर में अफरा तफरी मच गई। उसे पकड़ कर सिविल लाइंस पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को हाईकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, हाईकोर्ट के सुरक्षा दस्ता प्रभारी ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कारवाई करने की बात कही है।

#### लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रहने का दावा

कोर्ट रूम में खड़ा दयाशंकर पांडे जोर-जोर से कह रहा था कि वह रीवा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुका है। वह एक दिन अपनी गर्भवती पत्नी के साथ जा रहा था, तभी दुर्घटना के कारण पत्नी का गर्भपात हो गया। इस मामले में शिकायतों पर रीवा पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न होने के कारण हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें राष्ट्रपति को भी पक्षकार बनाया था। हालांकि हाई कोर्ट के आदेश पर राष्ट्रपति का नाम पक्षकारों की सूची से विलोपित कर दिया गया। साथ ही मामले की सुनवाई सोमवार को नियत की गई थी।

#### दो थानों की पुलिस पहुंची

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि केस का नंबर आते ही दोपहर करीब 12.30 बजे दयानंद पांडे कोर्ट रुम नंबर 17 के डायस पर पहुंच गया। इससे पूर्व कि कोई कुछ समझ पाता, उसने एक पॉलिथीन से खून से सना हुआ और बदबूदार भ्रूण जैसा दिखने वाला लोथड़ा निकाला और उसे डायस पर रख दिया। इसे देखते ही कोर्ट रूम में हड़कंप मच गया और आननफानन में सुरक्षाकर्मी हरकत में आए। उसे पकड़ लिया गया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन और ओमती थाने की पुलिस भी भारी बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दयानंद को गिरफ्तार कर उसके पास मौजूद आपत्तिजनक सामग्री को कब्जे में ले लिया ।

#### सुरक्षा व्यवस्था कठघरे में

पुलिस अब बात की छानबीन कर रही है कि उसने ऐसा कृत्य क्यों किया। वहीं, हाईकोर्ट जैसे अति संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की वस्तु के पहुंचने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बात की जांच की जा रही है कि मेटल डिटेक्टर और गेट पर चेकिंग के बावजूद वह आपत्तिजनक सामग्री के साथ कोर्ट रूम तक कैसे पहुंचा। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जब्त किए गए भ्रूण या मानव अंग को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। इस बात की तफ्तीश की जा रही है कि यह कृत्य किसी मानसिक विक्षिप्तता का परिणाम था या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश या विरोध प्रदर्शन का इरादा था।

#### कोर्ट रुम को किया सेनेटाइज

घटना के बाद पूरे कोर्ट रूम को खाली करा दिया गया। तत्काल साफ सफाई के साथ सैनिटाइजेशन कराया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से अज्ञात स्थान पर पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के वास्तविक उद्देश्यों का पता लगाया जा सके। वहीं, हाईकोर्ट प्रशासन ने भी सुरक्षा की इस बड़ी चूक को गंभीरता से लिया है। जिम्मेदार सुरक्षाकर्मियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं।

#### संदिग्ध को किया पुलिस के हवाले

संदिग्ध व्यक्ति को सिविल लाइंस थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया था। सुरक्षा लापरवाही को लेकर संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। आगे इस तरह की पुर्नरावृत्ति न हो इसका ध्यान रखा जायेगा।

पीएल परतेती,
सुरक्षा अधिकारी, हाईकोर्ट

### हाईकोर्ट का फैसला

# आपराधिक मामले की जानकारी छिपाने पर सीधी जनपद सदस्य का चुनाव निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में आपराधिक मामले की जानकारी छिपाने पर सीधी जनपद पंचायत सदस्य ऋषिराज मिश्रा का चुनाव निरस्त कर दिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने निर्वाचन अधिकारी को दोबारा चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। सीधी जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 से निर्वाचित जनपद सदस्य के पद पर ऋषिराज मिश्रा का निर्वाचन हुआ था। कोर्ट ने पाया कि विजयी प्रत्याशी ऋषिराज मिश्रा ने अपने नामांकन पत्र और शपथपत्र में आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी, जबकि नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि गलत या अधूरी जानकारी देकर नामांकन भरना गंभीर त्रुटि है और ऐसी स्थिति में नामांकन पत्र ही स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था। इसी आधार पर कोर्ट ने निर्वाचन अधिकारी के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें चुनाव याचिका खारिज कर दी गई थी। हाईकोर्ट ने अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ को इस मामले में कोर्ट मित्र नियुक्त किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मप्र पंचायत चुनाव नियम 1995 के नियम 31-ए के तहत उम्मीदवार को सभी आपराधिक मामलो, चाहे वे लंबित हों या निपट चुके हैं, उनकी जानकारी देना अनिवार्य है।

#### ये था मामला

वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव के दौरान रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 से कई उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। मतगणना के बाद 14 जुलाई 2022 को ऋषिराज मिश्रा को सबसे अधिक वोट मिलने पर विजयी घोषित कर दिया गया। चुनाव परिणाम के बाद दूसरे स्थान पर रहे राकेश पांडेय ने मिश्रा के नामांकन पत्र और शपथपत्र की प्रतियां प्राप्त कर जांच की। इसमें सामने आया कि ऋषिराज मिश्रा ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी सही जानकारी नहीं दी थी। इसके बाद उन्होंने के तहत चुनाव याचिका दायर कर चुनाव परिणाम को चुनौती दी। नर्वाचन प्राधिकारी ने यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि गलत जानकारी देना भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में नहीं आता और इससे चुनाव परिणाम पर प्रत्यक्ष असर साबित नहीं हुआ है। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

### फंड होने के बाद भी 33 केवी कंडक्टर अपग्रेडेशन नदारद

# करोड़ों के रिंग मेन सिस्टम की उड़ी धज्जियां

**जबलपुर।** शहर की बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया रिंग मेन सिस्टम अपेक्षित लाभ नहीं दे पा रहा है। वजह बताई जा रही है विभागीय समन्वय की कमी और 33 केवी फीडरों का कंडक्टर अपग्रेडेशन लंबित रहना।

जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने शहर को वैकल्पिक और सुरक्षित बिजली आपूर्ति देने के उद्देश्य से 220 केवी गोरा बाजार सबस्टेशन तैयार किया था। इसका मकसद था कि 132 केवी विनोबा भावे सबस्टेशन को बैकअप सप्लाई मिले और किसी खराबी की स्थिति में शहर के प्रमुख हिस्सों में बिजली बाधित न हो। ट्रांसमिशन कंपनी ने अपना काम पूरा कर लिया, लेकिन वितरण कंपनी की ओर से जरूरी तकनीकी उन्नयन नहीं होने से यह सिस्टम पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहा है।

#### 33 केवी फीडरों की क्षमता कम

तकनीकी जानकारों का कहना है कि गोरा बाजार-1 और गोरा बाजार-2 के 33 केवी फीडरों में लगे मौजूदा कंडक्टर बढ़ते लोड को संभालने में सक्षम नहीं हैं। अधिक दबाव पड़ते ही फीडर ट्रिप हो जाते हैं, जिससे बार-बार बिजली बाधित होती है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि इन फीडरों में उच्च क्षमता वाले पैंथर कंडक्टर लगाए जाएं। इससे लोड वहन क्षमता बढ़ेगी और ट्रिपिंग की समस्या कम होगी। बताया जा रहा है कि इस संबंध में कई बार पत्राचार भी हुआ, लेकिन अपग्रेडेशन का काम शुरू नहीं हो सका। बताया जाता है कि कंडक्टर बदलने के लिए फंड की कमी नहीं है। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत आवश्यक बजट उपलब्ध है। इसके बावजूद कार्य में देरी से सवाल उठ रहे हैं।

#### गर्मी में बढ़ सकती है समस्या

गोरा बाजार, रामपुर, कटंगा, घंटाघर, मिशन कंपाउंड और आसपास के क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पहले ही ट्रिपिंग और अघोषित कटौती का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते 33 केवी कंडक्टर अपग्रेडेशन नहीं हुआ तो गर्मी के मौसम में बढ़ते लोड के कारण स्थिति और बिगड़ सकती है। शहरवासियों का कहना है कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर ढांचा तैयार किया गया है, तो उसे पूरी क्षमता से चालू करने के लिए जरूरी तकनीकी सुधार भी जल्द किए जाने चाहिए, ताकि शहर को निर्बाध और सुरक्षित बिजली मिल सके।

### स्टाइपेंड संशोधन की मांग, ओपीडी का बहिष्कार, ऑपरेशन टले

# मेडिकल कॉलेज में जूडा हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



**जबलपुर।** स्टाइपेंड संशोधन की मांग को लेकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में रेजिडेंट डॉक्टरों ने विरोध तेज कर दिया है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) के नेतृत्व में डॉक्टरों ने ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार शुरू कर दिया है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जूडा के डॉ. शुभांशु शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के 7 जून 2021 के जारी आदेश के अनुसार सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन 1 अप्रैल 2025 से लागू होना था लेकिन इसके बावजूद अब तक न तो संशोधित स्टाइपेंड लागू किया और न ही अप्रैल 2025 से देय एरियर का भुगतान किया जिसके चलते मजबूर होकर सोमवार से हड़ताल पर जाना पड़ा। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं तब तक वे ओपीडी में सेवाएं नहीं देंगे वहीं ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में भी सिर्फ अति गंभीर मरीज होने पर ही सेवा देंगे। इससे हर्निया, ऑर्थोपेडिक सर्जरी और अन्य तयशुदा ऑपरेशन टल सकते हैं। इसका सीधा असर जबलपुर सहित आसपास के जिलों से आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में बड़ी संख्या में रेजिडेंट डॉक्टर, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्न आंदोलन में शामिल हैं। ये डॉक्टर अस्पताल की सेवाओं का बड़ा हिस्सा संभालते हैं और मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग भी करते हैं। डॉक्टर गत शुक्रवार से काली पट्टी बांधकर काम कर रहे थे। अब उन्होंने ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार कर दिया है। जूडा ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सरकार जल्द स्टाइपेंड संशोधन लागू करे, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### सिविक सेंटर एसबीआई एटीएम से 1 लाख 18 हजार रुपए निकाले

# एटीएम कार्ड बदलकर रिटायर्ड कर्मी से धोखाधड़ी

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत सिविक सेंटर स्थित एसबीआई एटीम में एटीएम कार्ड बदलकर एक अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर एक रिटायर्ड वृद्ध के खाते से 1 लाख 18 हजार रुपए निकाल लिए। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नया मोहल्ला बंद कुआ निवासी 60 वर्षीय सीओडी फैक्ट्री से रिटायर्ड रसीद उद्दीन गत 27 जनवरी 2026 की सुबह लगभग 9 बजे सिविक सेंटर स्थित एसबीआई एटीम से पैसे निकालने गए थे एटीएम कार्ड को एटीएम मशीन लगाकर पैसे निकालने की कोशिश की लेकिन तकनीकी कारणों से पैसे नहीं निकले थे तभी उनके बगल में खड़ा एक व्यक्ति उनसे बोला कि मैं आपकी पैसे निकालने में मदद कर देता हूं, और उनका एटीएम कार्ड एटीएम मशीन लगाकर पैसा निकालने का प्रयास किया लेकिन पैसा नहीं निकला तो अज्ञात व्यक्ति उन्हें एटीएम कार्ड वापस कर कहीं चला गया और वह अपने घर आ गए। दोपहर लगभग 12 बजे बैंक से फोन आया कि आपके द्वारा लगातार पैसा निकाला जा रहा है, उन्होंने कहा कि उसके द्वारा पैसे नहीं निकाले गये हैं, उन्होंने एटीएम कार्ड चैक करने के लिये कहा, उसने अपना एटीएम कार्ड चैक किया तो उक्त एटीएम उसका न होकर किसी शिवानी कुशवाहा के नाम का था। अज्ञात व्यक्ति ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसे शिवानी कुशवाहा नाम का एटीएम कार्ड दे दिया एवं उसके एटीएम कार्ड से उसके एसबीआई खाता से 1 लाख 18 हजार 80 रूपये निकाल लिये हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### लेखा-जोखा की मांग या चुनाव टालने की रणनीति?

# रादुविवि : कर्मचारी संघ चुनाव में फिर नया विवाद शुरु

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में गैर-शिक्षण कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर फिर से विवाद की स्थिति बन गई है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही मतदाता सूची पर हस्ताक्षर को लेकर उठे विवाद ने पूरे मामले को पेचीदा बना दिया है। मुख्य मुद्दा वार्षिक आय-व्यय के लेखा-जोखा की मांग का है, जिसे लेकर कर्मचारी संघ दो गुटों में बंट गया है। सवाल यह उठ रहा है कि यह मांग पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए है या फिर चुनाव प्रक्रिया को टालने की रणनीति।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति किए जाने के बाद उम्मीद थी कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होगी। नियमानुसार निर्वाचन अधिकारी कुलपति की सहमति से चुनाव प्रक्रिया शुरू करते हैं और संघ की प्रमाणित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाता है। जानकारी के अनुसार संघ के दो उपाध्यक्ष और महासचिव ने मिलकर मतदाता सूची तैयार कर ली है और उसे निर्वाचन अधिकारी को सौंपने की तैयारी थी।



#### अध्यक्ष ने किया हस्ताक्षर से इंकार

लेकिन अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने सूची पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि हस्ताक्षर से पहले संघ के पूरे वर्ष का आय-व्यय विवरण स्पष्ट किया जाए। उनका तर्क है कि वित्तीय पारदर्शिता के बिना चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। वे महासचिव से वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर विरोधी गुट इस मांग को चुनाव टालने की कोशिश बता रहा है। उनका कहना है कि संघ का बैंक खाता स्वयं अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होता है। ऐसे में यदि किसी तरह की वित्तीय जानकारी की जरूरत थी तो उसे पहले ही स्पष्ट किया जा सकता था। चुनावी प्रक्रिया के बीच लेखा-जोखा को मुद्दा बनाना संदेह पैदा करता है। विरोधी गुट का आरोप है कि यह कदम जानबूझकर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा में देरी कराने के लिए उठाया गया है।

#### कार्यकाल खत्म, अधिकार शून्य

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब यह तथ्य सामने आया कि कर्मचारी संघ के वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल 2 मार्च को समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है। विपक्षी गुट का कहना है कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद वर्तमान पदाधिकारी किसी भी आधिकारिक निर्णय या बैठक बुलाने के वैधानिक अधिकार में नहीं हैं। वहीं अध्यक्ष द्वारा 16 मार्च को आमसभा बुलाने के निर्णय का भी विरोध किया जा रहा है। कर्मचारियों के बीच इस खींचतान से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर पारदर्शिता और नियमों के पालन की बात की जा रही है, तो दूसरी ओर चुनाव प्रक्रिया को समय पर पूरा कराने की मांग उठ रही है। संघ के भीतर यह विवाद अब केवल मतदाता सूची या लेखा-जोखा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आपसी विश्वास के संकट का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

#### कुलगुरु के पाले में गेंद

विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति की भूमिका अब अहम मानी जा रही है। कर्मचारी वर्ग की मांग है कि कुलपति हस्तक्षेप कर स्थिति स्पष्ट करें और जल्द चुनाव की नई तिथियों की घोषणा कराएं, ताकि लंबे समय से चल रहा गतिरोध समाप्त हो सके। फिलहाल पूरे विश्वविद्यालय परिसर में यही चर्चा है कि यह विवाद पारदर्शिता का मुद्दा है या फिर सत्ता संतुलन का संघर्ष।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240